नई दिल्ली

नई दिल्ली, गुरुवार 17 अक्टूबर 2019

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 23, अंक : 211
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00 *

मौसम
अधि. 35.7
न्यून. 17.6

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अयोध्या मामलाः सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने निर्णय रखा सुरक्षित

40 दिन तक चली सुनवाई, अब अगले 23 दिनों में आएगा फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद मामले की सुनवाई बुधवार को पूरी कर ली। उम्मीद है कि 17 नवंबर तक फैसला सुना दिया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर छह अगस्त से रोजाना 40 दिन तक सुनवाई की। इस दौरान विभन्न पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। संविधान पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी करते हुये संबंधित पक्षों को 'मोल्डिंग ऑफ रिलीफ' (राहत में बदलाव) के मुद्दे पर लिखित दलील दाखिल करने के लिये तीन दिन का समय दिया। हिंदू महासभा के वकील वरुण सिन्हा ने बताया कि संविधान पीठ ने स्पष्ट कर दिया है कि फैसला 23 दिन के भीतर आएगा। मुस्लिम पक्ष के वकील राजीव धवन ने सुनवाई के दौरान गुस्से में एक किताब का पन्ना फाड़ दिया। संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे चीफ जस्टिस रंजन गोगोई 17 नवंबर को रिटायर होंगे।

आज होगी जजों की बैठक

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ आज फिर से एकत्रित होगी। सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि पांच जजों की ये बेंच गुरुवार को चेंबर में बैठेगी। बंद दरवाजे के पीछे होने वाली इस बैठक में पीठ मध्यस्थता पैनल की रिपोर्ट को लेकर आगे के रास्ते पर विचार करेंगी।

बढ़ाई गई सुरक्षा, अफसरों की छुट्टियां रद

उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के मद्देनजर योगी सरकार ने कमर कस ली है। योगी सरकार ने अयोध्या मामले के संभावित फैसले के मद्देनजर 30 नवंबर तक के लिए सभी पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। बताया जा रहा है कि योगी सरकार ने आदेश में सभी अधिकारियों को मुख्यालय में बने रहने के निर्देश दिए हैं।

जो भी फैसला आएगा हमें मंजूर होगाः अंसारी

मुस्लिम पक्षकार इकबाल अंसारी ने कहा कि कोर्ट जो भी फैसला करेगा, वह हमें स्वीकार होगा। वहीं विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु सदाशिव कोकजे ने कहा कि इस मसले को हल करने की राह का अहम पड़ाव पार कर लिया गया है। अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि पर हिन्दुओं का मालिकाना हक होने को लेकर शीर्ष अदालत में बेहद मजबूती से पक्ष रखा गया।

समझौते को लेकर मध्यस्थता पैनल ने सौंपी रिपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए मध्यस्थता पैनल ने बुधवार को समझौता रिपोर्ट पेश की। इसमें कहा गया कि मुस्लिम और हिंदू पक्ष विवादित भूमि पर समझौते के लिए तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में कहा गया कि मुस्लिम पक्ष विवादित भूमि से दावा छोड़ने को राजी है, लेकिन मस्जिद के लिए जगह दिए जाने के बाद।

धवन ने फाड़ा नक्शा

हिंदू महासभा के वकील विकास सिंह ने रिटायर्ड आईपीएस अफसर कुणाल किशोर की किताब अयोध्या रीविजिटेड को कोर्ट के सामने रखा। इसी किताब में वह नक्शा था जिसे धवन ने फाड़ा। किताब के लेखक कुणाल किशोर ने कहा कि धवन इंटेलेक्चुअल हैं। वह जानते हैं कि अगर नक्शा कोर्ट के सामने पेश होता तो उनका केस न के बराबर रह जाता।

हरियाणा की चुनावी सभाओं में शाह ने कांग्रेस पर बोला हमला

2024 तक हर घुसपैठिये को करेंगे बाहर

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम/फरीदाबाद

हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों से पहले देश में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और अवैध घुसपैठियों का मुद्दा अब राजनीतिक भाषणों का हिस्सा बन चुका है। कांग्रेस पर देश में घुसपैठियों के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए बीजेपी जहां राहुल गांधी और पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की निंदा कर रही है, वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा है कि राहुल गांधी चाहे कितनी भी आपत्ति करें 2024 तक देश से हर घुसपैठिए को बाहर किया जाएगा।

- शाह ने कांग्रेस पर एनआरसी का विरोध करने पर सवालिया निशान खड़ा किया
- बटन गुरुग्राम में दबे और करंट इटली में लगे
- ट्रिपल डी के सिद्धांत पर चलती थी कांग्रेस सरकार

शाह बोले, घुसपैठिए कांग्रेस के मौसेरे भाई हैं क्या?

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने हरियाणा के पानीपत में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। देश से घुसपैठियों को बाहर निकाले जाने के मुद्दे पर शाह ने कांग्रेस पर तंज कसा। शाह ने पूछा कि क्या वे घुसपैठिए आपके मौसेरे भाई लगते हैं? इसके अलावा शाह ने अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर भी कांग्रेस को खूब सुनाया। शाह ने कहा, 'जब बीजेपी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने की बात करती है तो कांग्रेस कहती है कि आप उन्हें क्यों निकाल रहे हैं? वे कहां जाएंगे? वे क्या खाएंगे? मैं कांग्रेस से पूछता हूं, वे (घुसपैठिए) आपके मौसेरे भाई लगते हैं क्या?

चिदंबरम को एक और बड़ा झटका, ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई और न्यायिक हिरासत में आठ सप्ताह बिता चुके पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को प्रवर्तन निदेशालय ने एक संबंधित धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल से गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व वित्त मंत्री को नये सिरे से झटका लगा है। चिदंबरम की गिरफ्तारी के कुछ समय बाद ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ के समक्ष याचिका दाखिल कर 74 वर्षीय कांग्रेस नेता से पूछताछ के लिए 14 दिन की हिरासत की मांग की।

DIP/Shabdarth/D/0188/19-20

फसल जलने के धुएं से बचने के उपाय क्या होंगे ?

1. ऑड इवनः

4 नवंबर से 15 नवंबर तक दिल्ली में ऑड इवन लागू किया जायेगा– इसी दौरान फसलों ज्यादा धुआं आता है।

2. फ्री मास्कः

एहतियात के तौर पर हम दिल्ली में मास्क बांटेंगे। इस प्रकार के मास्क का प्रयोग प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर करें।

3. दीवाली पर लेज़र शोः

पूरी दिल्ली इस बार मिलकर दीवाली मनायेगी। छोटी दीवाली से शुरु करके 4 दिनों तक शाम को कनॉट प्लेस में भव्य लेज़र शो का इंतजाम होगा। आइये हम सब मिलकर दीवाली मनाये और पटाखे न चलायें।

4. सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित 'ग्रेडिड एक्शन प्लान' का पालन

सूचना एवं प्रचार निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

खबर संक्षेप

फिटनेस गली-गली चैलेंज-2 का आयोजन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस गली-गली के चैलेंज-2 के तहत आयोजित बरपी प्रतियोगिता में लगभग 100 से अधिक प्रतियोगियों ने शिरकत की। वाईएमसीए केआडिटोरियम में 'नशे की लत छोड़ो, फिटनेस की लत लगाओ' की थीम को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस फिटनेस स्पर्धा में चार वर्ष के प्रथम से लेकर 66 वर्ष के जे एन गोसाई ने शिरकत की। विजेताओं को सोने के सिक्के, टी शर्ट, ट्रॉफी और पदक दिए गए।

प्रशासन के नोटिस के बाद भी खाली नहीं करेंगे कार्यालय : जेएनयूएसयू

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने बुधवार को कहा कि वह विश्वविद्यालय प्रशासन के नोटिस के बावजूद अपना कार्यालय खाली नहीं करेगा। छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीओएस) प्रोफेसर उमेश कदम ने मंगलवार को छात्रसंघ को एक नोटिस भेजकर इसे खाली करने को कहा था। लिंगदोह समिति की रिपोर्ट के अनुपालन न करने की वजह से पिछले साल जेएनयूएसयू अधिसूचित नहीं हुआ था और यह मामला अदालत में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि नव निर्वाचित संघ को अधिसूचित किया जाना अभी बाकी है। नोटिस के मुताबिक, "संपत्ति के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिये विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकार द्वारा यह तय किया गया है कि उक्त कमरे को तत्काल बंद किया जाए और अधिसूचना जारी होने के बाद उसे जेएनयूएसयू को सौंपा जा सकता है। छात्रसंघ को शाम पांच बजे तक कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया गया था लेकिन उन्होंने उसे खाली नहीं किया है।

संत रविदास के तोड़े गए मंदिर को उसी जगह बनाया जाए: लिलोठिया

नई दिल्ली। संत गुरु रविदास को उसके मूल स्थान जहां से तोड़ा गया था वहीं बनाने के लिए दिल्ली कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया। जिसके बाद बुधवार को एटॉर्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट में सभी पक्षों के वकीलों के साथ बैठक की। बैठक में डीडीए ने इस सिद्धांत में सहमति व्यक्त की है कि मंदिर को उसी स्थान पर फिर से बनाया जा सकता है। इस संदर्भ में, एलजी ने झील की भूमि सहित मंदिर की साइट योजना के निर्माण के लिए डीडीए को निर्देशित किया है। इस संबंध में, गुरुवार को एक बार फिर सभी पक्ष मिलेंगे। सुनवाई की अगली तारीख 18 अक्टूबर को न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की पीठ के समक्ष होगी। यदि सभी पक्ष सहमत होते हैं, तो यह गुरु रविदास के भक्तों और अनुयायियों के लिए बहुत बड़ी जीत होगी।

केंद्र सरकार ने बुलाई उच्च स्तरीय बैठक

दिल्ली-एनसीआर में फिर सांस लेना हुआ मुहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई इलाकों में बुधवार सुबह वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही और 10 माइक्रोमीटर से कम व्यास के पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण रहे। दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (299) भी 'बहुत खराब' स्तर पर पहुंच गया है। यह मंगलवार को शाम चार बजे तक 270 था। वहीं राजधानी में लोगों को सांस लेने में हो रही परेशानीकेंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में 37 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 17 केंद्रों में समग्र एक्यूआई की 'बहुत खराब' श्रेणी दर्ज की गई। एक्यूआई मुंडका में 368, द्वारका सेक्टर 8 में 362, दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में 355, आनंद विहार में 328, वजीरपुर में 323, रोहिणी में 323, बवाना में 320, अशोक विहार में 319, नेहरू नगर में 319 और जहांगीरपुरी में 318 रहा। इनके अलावा अलीपुर (314), नरेला (312), विवेक विहार (311), सिरी फोर्ट (309), सीआरआरआई - मथुरा रोड (304), ओखला फेज 2 (303) और आईटीओ (302) में भी बहुत खराब वायु गुणवत्ता रही। पड़ोसी इलाकों गाजियाबाद (337), लोनी देहात (335), नोएडा (318) और ग्रेटर नोएडा (308) में भी प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई। एक्यूआई 0 से 50 के बीच होने पर 'अच्छा' होता है, जबकि 51 से 100 के बीच होने पर 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच होने पर उसे 'गंभीर' समझा जाता है। केंद्र द्वारा संचालित वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान प्रणाली और अनुसंधान (सफर) ने मंगलवार को पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने की घटनाएं 'बढ़ती' देखी थी और पूर्वानुमान जताया था कि दिल्ली की पीएम 2.5 सांद्रता में पराली जलाए जाने की भागीदारी बुधवार को करीब छह प्रतिशत रहेगी। दिल्ली सरकार ने नासा से मिली तस्वीरें और आंकड़े भी साझा किए थे जिसमें दिल्ली के आस-पास के इलाकों में बड़े स्तर पर पराली जलती दिखाई गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पिछले एक सप्ताह से हवा की गुणवत्ता में लगातार गिरावट के मद्देनजर केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 17 अक्टूबर को पांचों संबद्ध राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उच्च स्तरीय आपात बैठक बुलाई है। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में वायु प्रदूषण रोकने के लिये राज्य सरकारों के स्तर पर अब तक किये गये उपायों की समीक्षा की जायेगी। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के पर्यावरण मंत्रियों और अतिरिक्त मुख्य सचिवों और प्रमुख सचिव (पर्यावरण) को बुलाया गया है।

■ कई स्थानों पर हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब'

प्रदूषण में पराली का योगदान 10 फीसदी होने वाला आंकड़ा भ्रामक : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार की एजेंसी का यह दावा भ्रामक है कि दिल्ली के कुल प्रदूषण में पराली का योगदान केवल 10 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि किसी भी एजेंसी के पास प्रदूषण के कारण और कारक मापने के लिए विशेष उपकरण नहीं है। उन्होंने कहा कि 'अनुमान लगाने वाला खेल' बंद होना चाहिए और आंकड़े जारी करने वाली एजेंसियों को जिम्मेदारी से पेश आना चाहिए। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता तथा मौसम का पूर्वानुमान जताने वाली सेवा 'सफर' ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा था कि पराली जलाने से हुआ प्रदूषण दिल्ली में पीएम 2.5 से होने वाले कुल प्रदूषण का 10 प्रतिशत से भी कम है। पीएम 2.5 का अर्थ है हवा में तैरते वह सूक्ष्म कण जिनका व्यास 2.5 माइक्रोन से कम होता है। दस माइक्रोमीटर से कम व्यास वाले कण सर्वाधिक हानिकारक होते हैं क्योंकि वे फेफड़े में भीतर तक चले जाते हैं और कुछ तो खून में जाकर मिल जाते हैं। केजरीवाल ने एक बयान भी जारी करते हुए कहा कि जब तक प्रदूषण के बाहरी कारकों का समाधान नहीं किया जाएगा तब तक दिल्ली के लोग भुगतते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण के प्रभाव को कम बताने वाली एजेंसियों को जिम्मेदारी से पेश आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम किसी स्थान पर वायु का नमूना लेकर प्रदूषण के स्तर और घटकों की जांच कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केवल वास्तविक वातावरण में काम करने वाली स्रोत विभाजन मशीनें ही बता सकती हैं कि दिल्ली के प्रदूषण में किसका कितना योगदान है।

पूर्वी निगम ने कसी कमर, मशीनों को दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी एवं पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने पूर्वी निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को 40 नए अल्ट्रा मॉडर्न टैंकर, 6 जेटिंग मशीन, 2 सुपर सोकर, 4 ऑटो माउन्टेड मशीन, 6 मैकेनिकल स्वीपर एवं 6 सेक्शन कम जेटिंग मशीनों को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान तिवारी ने कहा कि इन आधुनिक मशीनों के पूर्वी दिल्ली नगर निगम के बेड़े में शामिल होने से दिल्ली से प्रदूषण को समाप्त करने के लिए अभूतपूर्व व अद्वितीय कदम शाबित होगा। वहीं, गौतम गंभीर ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वंय प्रदूषण से प्रभावित हैं, फिर भी प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं है। इस अवसर पर महापौर अंजू कमलकांत, स्थायी समिति अध्यक्ष संदीप कपूर, नेता सदन निर्मल जैन, पूर्व महापौर बिपिन बिहारी सिंह, पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष मास्टर सत्यपाल सिंह, निगम पार्षद सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान तिवारी ने कहा कि दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में प्रदूषण दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। जहरीली हवा के कारण दिल्ली के लोगों को काफी तकलीफ हो रही है। लेकिन दिल्ली की सत्ता में बैठी बेखबर केजरीवाल सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

जाम की समस्या से निजात के लिए सड़कों की संरचना में होगा बदलाव

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में जाम की समस्या से निजात के लिए सड़कों की संरचना में जल्द बदलाव किया जाएगा। मुख्यमंत्री के सड़कों को ठीक करने के अलावा, अगले पांच वर्ष में चौबीसों घंटे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक परिवहन में सुधार के लिए निजी भागीदारी शुरू करने की योजनाओं पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने एसोचैम की ओर से आयोजित कार्यक्रम 'दिल्ली की सोच' में ये घोषणाएं कीं। इस कार्यक्रम में वक्ताओं में सुशासन और शहर के विकास के बारे में अपनी राय रखी। मुख्यमंत्री ने कहा,''दिल्ली में यातायात की स्थिति को काफी हद तक सुधारा जा सकता है। जैसे दिल्ली में सड़कें चौड़ी हैं लेकिन चार लेन वाली सड़क कुछ दूरी पर जा कर तीन लेन वाली सड़क में तब्दील हो जाती है फिर आगे जा कर यह छह लेन हो जाती है। यहीं समस्या है और सड़कों की संरचना में बदलाव करने की जरूरत है।

ऑड ईवन योजना में दिव्यांग लोगों को दी जाएगी छूट

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि ऑड-ईवन योजना से दिव्यांग लोगों को छूट दी जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी में चार से 15 नवंबर के बीच ऑड-ईवन योजना को लागू किया जाएगा। यह तीसरी बार है जब ऑड-ईवन योजना दिल्ली में लागू होगी। केजरीवाल ने एक ट्वीट के जवाब में लिखा कि जी हां दिव्यांग लोगों को सम-विषम योजना से निश्चित ही छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह महिलाओं को इससे छूट देने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि पिछली बार की तरह निजी सीएनजी वाहनों को इससे छूट नहीं दी जाएगी।

सरकारी जमीन के स्पष्ट सीमांकन के निर्देश

नई दिल्ली। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने बुधवार को दिल्ली सरकार और डीडीए के शीर्ष अधिकारियों को सरकारी जमीन के स्पष्ट सीमांकन और उसकी सुरक्षा को लेकर उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। बैजल ने मुख्य सचिव विजय कुमार देव से समय की बचत के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये बैठक कर दिल्ली में सड़कों पर भीड़ और प्रदूषण कम करने के लिये कदम उठाने को कहा। उपराज्यपाल ने ट्वीट किया कि सरकारी भूमि की सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर दिल्ली के मुख्य सचिव, डीडीए के उपाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और दिल्ली के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की। सरकारी भूमि के स्पष्ट सीमांकन और उसकी उचित सुरक्षा के लिए सभी को निर्देश दिया। बैजल ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि मुख्य सचिव को भीड़ और प्रदूषण कम करने के लिये वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से और बैठकें करने की सलाह दी, ताकि समय की बचत की जा सके। इस बीच, दिल्ली सरकार शहर में भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण को कम करने के के लिये कार्यालयों के समय में फेरबदल की योजना बना रही है। इसके अलावा 4-15 नवंबर के बीच ऑड-ईवन योजना फिर से लागू करने की तैयारियां भी चल रही हैं।

उत्तरी निगम ने शुरू किया पानी छिड़काव अभियान

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए बुधवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश ने उत्तरी निगम के मुख्यालय के सामने रामलीला मैदान से पानी छिड़काव अभियान शुरू किया। मौके पर जय प्रकाश ने कहा कि उत्तरी निगम ने हवा में धूल के कणों को रोकने व प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने का फैसला किया है । उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदुषण पर लगाम लगाने हेतू उत्तरी निगम संवेदनशील है और अपने अधिकार क्षेत्र में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए हर उपाय कर रहा है। इसके लिए निगम प्रशासन ने 18 मेकैनिकल रोड स्वीपर, 128 टैंकर पानी के छिड़काव के लिए तैनात किए हैं। उन्होंने कहा कि निगम ने खुले में मलबा डालने व खुले में कूड़ा जलाने कि जांच हेतु एक विशेष कार्यबल का गठन भी किया है जो क्षेत्र में निरीक्षण कर इन सभी गतिविधियों पर रोक लगाने का कार्य करेगा।

डीएसएसएसबी परीक्षा: निगम शिक्षकों को बड़ी राहत, नियुक्ति को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति रद करने के आदेश को वापस ले लिया है। इससे एक दिन पहले दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने नोटिस जारी कर कहा था कि शिक्षकों को भेजे गए अपॉइंटमेंट लेटर कैंसल किए जाते हैं। डीएसएसएसबी द्वारा की गई शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगाई जाती है। लेकिन मंगलवार को एसडीएमसी ने नया नोटिस जारी कर शिक्षक भर्ती रद करने का अपना आदेश वापस ले लिया है। उधर नॉर्थ और ईस्ट एमसीडी का इस पर जवाब नहीं आया है। सोमवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम का कहना था कि उन्हें अभी कैट के ऑर्डर की कापी नहीं मिली है, इसलिए उनकी तरफ से नियुक्ति पत्र को रद नहीं किया गया है। वहीं पूर्वी दिल्ली की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं आया है। लेकिन कैट के आदेश के बाद साढ़े तीन हजार से अधिक अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में है। केंद्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण कैट के सोमवार शाम आए एक आदेश ने हजारों शिक्षकों के अरमानों पर पानी फेर दिया। इस आदेश के कारण मंगलवार से नौकरी पर जाने वाले 3,788 निगम के प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति रद कर दी गई। केंद्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण (कैट) ने दिल्ली अधीनस्थ सेवा बोर्ड (डीएसएसबी) के निगम प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति परीक्षा परिणाम को रद कर दिया है। इसके बाद तीनों निगमों में नियुक्त होने वाले शिक्षकों की भर्ती पर रोक लग गई है। सभी 3,788 शिक्षकों के लिए निगमों की ओर से नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिए गए थे। शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के एक अभ्यर्थी ने डीएसएसबी द्वारा ली गई परीक्षा के परिणाम को कैट में चुनौती दी थी। अभ्यर्थी की ओर से दावा किया गया था कि अलग-अलग बैच में परीक्षा आयोजित होने के बाद भी कई प्रश्न हर बैच में एक जैसे आए थे। डीएसएसबी की ओर से यह परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की गई थी। तीनों निगमों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए दक्षिणी दिल्ली नगर निगम मुख्य नोडल एजेंसी है।

■ अभ्यर्थी ने दी थी कैट में चुनौती

धरने में शामिल हुए तिवारी

दिल्ली नगर निगम में करीब 4 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद मामले पर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बुधवार को पूर्वी निगम पर धरना-प्रदर्शन कर रहें नियुक्ति से वंचित शिक्षकों के बीच जाकर कहा कि निगम में भाजपा सरकार को बदनाम करने के लिए कुछ अधिकारी षड्यंत्र कर रहे हैं या फिर भ्रष्टाचार की गुंजाइश पैदा की जा रही है। उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल से बात कर हस्तक्षेप करने की मांग की ताकि सभी शिक्षकों को तुरंत नियुक्ति मिल सके।

कैबिनेट ने दी नकद प्रोत्साहन नीति के विस्तार को मंजूरी

खिलाड़ियों की मदद करेगी दिल्ली सरकार

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग के दिल्ली के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए नकद प्रोत्साहन में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी दी। वहीं, कैबिनेट ने एंटी रैबीज वैक्सीन की आपातकालीन खरीद को भी मंजूरी दी गई। ताकि कुत्ते के काटे का अस्पताल में ही उपचार हो सके। कैबिनेट बैठक के बाद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में भरपूर सहयोग देगी। इसे देखते हुए सरकार ने नकद प्रोत्साहन नीति का विस्तार किया है। नवोदित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार नकद राशि से सम्मानित करेंगी। उन्होंने बताया कि नकद प्रोत्साहन के संशोधन के बाद वर्ष 2018-19 के दौरान आयोजित टूर्नामेंटों के लिए 15 करोड़ रुपये का एक अस्थायी खर्च होने का अनुमान है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार-पांच वर्षों के दौरान, दिल्ली के खिलाड़ियों ने कई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में असाधारण प्रदर्शन किया है। इसे देखते हुए कैबिनेट ने उक्त निर्णय लिया है। ओलंपिक खेल, एशियन और कॉमनवेल्थ खेलों के गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉंज मेडल लाने वालों को सरकार आगे बढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। ओलंपिक में गोल्ड लाने वाले को 3 करोड, सिल्वर लाने वाले को 2 करोड और ब्रांज मेडल लाने वाले को एक करोड़ की नकद राशि देगी। वहीं, एशियन खेल में एक करोड, 75 लाख और 50 लाख की नकद राशि और कॉमनवेल्थ खेलों में 50 लाख, 40 लाख और 30 लाख नकद राशि दी जाएगी। वहीं, खिलाड़ियों के मेडल लाने पर गुरुओं को भी ओलंपिक खेल में 10 लाख, एशियन में 6 लाख और कॉमनवेल्थ खेल में 4 लाख की नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

■ एंटी रैबीज वैक्सीन की आपातकालीन खरीद को भी दी मंजूरी

जनता से अब एके एप पर सीएम केजरीवाल करेंगे सीधी बातचीत

नई दिल्ली। दिल्ली की जनता से सीधे तौर पर जुड़ने और एप के माध्यम से झूठी खबरों का पर्दाफाश करने व जनता तक सच्चाई पहुंचाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय में बुधवार को एके एप का उद्घाटन किया। इस एप के माध्यम से दुनिया के किसी भी कोने में बैठे हुए, आम आदमी पार्टी (आप), दिल्ली सरकार एवं सरकार से जुड़े सभी लोगों के संबंध में समस्त जानकारियां प्राप्त की जा सकेंगी। एप में सरकार द्वारा दिल्ली में चलाए जा रहे गुड गवर्नेंस मॉडल से जुड़ी सभी खबरें, वीडियो एवं फोटोग्राफ उपलब्ध होंगे। आप ने ऐप पर केजरीवाल के संघर्ष से जुड़ी सभी घटनाएं, कार्यक्रम आदि होने की जानकारी भी दी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि इस ऐप को लांच करते हुए बेहद खुशी हो रही है। क्योंकि अब एक ही माध्यम से आप, दिल्ली सरकार एवं पार्टी से जुड़े सभी लोगों के संबंध में समस्त जानकारियां मिल सकेंगी।

किरायेदार भी मीटर लगवायें और 200 यूनिट बिजली फ्री पायें
मकान मालिक से NOC की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री किरायेदार बिजली मीटर योजना के मुख्य बिंदु :

1. ये मीटर प्रीपेड होंगे
2. मीटर लगवाने के लिए किरायेदार को केवल दो दस्तावेज देने होंगे:
   - रेंट/लीज़ एग्रीमेंट या नवीनतम तीन महीनों की रेंट स्लिप
   - आई.डी. प्रूफ
3. मकान मालिक से NOC की जरूरत नहीं
4. आप निम्नलिखित नंबर पर फोन कीजिये। आपके घर आकर मीटर लगा दिया जायेगा।
   - BSES यमुना: 19122
   - BSES राजधानी: 19123
   - टाटा पॉवर: 19124
5. शुल्क:
   - सिक्यूरिटी ₹ 3000 (रिफंडेबल)
   - 5KW तक: ₹ 3000 + 18% GST

24 घंटे बिजली
सबसे सस्ती बिजली

मकान मालिक बिल्कुल चिंता न करें

मकान मालिक इस बात की बिल्कुल चिंता ना करें कि इस मीटर की वजह से किरायेदार मकान पर कब्जा कर लेगा। ये मीटर "मुख्यमंत्री किरायेदार बिजली मीटर योजना" के तहत लगाया जा रहा है। मीटर पर स्टीकर होगा की ये किरायेदारों का मीटर है।

ऊर्जा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

नई दिल्ली। करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में मेहंदी और खरीददारी के लिए महिलाओं की खासी भीड़ रही।

नशे और सट्टे का शौक पूरा करने के लिये करते थे चोरी, तीन गिरफ्तार

■ स्कॉर्पियों कार में सवार होकर चलते थे चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी-पूर्वी जिले की पुल प्रहलादपुर पुलिस ने एक ऐस हाईप्रोफाइल चोरों के गैंग को पकड़ा है जो लग्जरी गाड़ी स्कॉर्पियो से चलते थे। हाल ही में इस गैंग ने एक महिला प्रिंसिपल के घर को टारगेट कर 15 लाख कैश व लाखों कीमत की जूलरी पर हाथ साफ किया था। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से गाड़ी का पता चलने के बाद पुलिस ने तीनों चोरों बदरपुर निवासी अशरफ (30), जैतपुर निवासी आबिद (34) व एटा निवासी समीर हुसैन को धर दबोचा। समीर बीएससी डिग्री धारक है। सभी को क्रिकेट में

सट्टा लगाने व नशे का शौक है। डीसीपी चिन्मय बिश्वाल ने बताया 8 अक्टूबर की दोपहर विश्वकर्मा कॉलोनी एरिया में रहने वाली एक महिला प्रिंसिपल किसी काम से गोविंदपुरी गई थी। शाम साढ़े चार बजे वापस लौटीं तो घर में चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की, जिसमें चोरी वाले घर के पास स्कॉर्पियो कार संदिग्ध हालात में नजर आई। 14 अक्टूबर को पुलिस टीम ने महरौली बदरपुर रोड पर लगाए गए ट्रैप के दौरान वहां से गुजर रही इस गाड़ी को रुकवा लिया। उसमें तीन लोग सवार थे, जिनके पास से एक लाइसेंसी पिस्टल भी मिली। जांच में पता चला वह पिस्टल एक पूर्व सैनिक के घर से पांच जुलाई को 100 कारतूसों के साथ चुरायी गई थी। इनके पास से पांच लाख रुपये नगदी और ताले तोड़ने में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद हुये हैं।

आईजीआई एयरपोर्ट पर भारतीय नागरिक गिरफ्तार

दुबई से प्रेस में छिपाकर लाया था 48 लाख का सोना

■ प्रेस के फिलामेंट में सोने को इनबिल्ट कर ऊपर से किया गया था सिल्वर कोट भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल पर एक भारतीय नागरिक को 48 लाख रुपये के सोने के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह सोना दुबई से इलेक्ट्रॉनिक प्रेस में छिपाकर लाया गया था। प्रेस के फिलामेंट में सोने को इनबिल्ट कर ऊपर से सिल्वर कोट भी किया गया था। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सोने को कस्टम डिपार्टमेंट ने जब्त कर लिया है। कस्टम डिपार्टमेंट के अडिशनल कमिश्नर डॉ. अमनदीप सिंह के अनुसार इस यात्री ने जब ग्रीन चैनल क्रॉस किया, तो अधिकारियों को उसके सामान पर शक हुआ। जब सामान की तलाशी ली गई तो एक इलेक्ट्रॉनिक प्रेस मिली। प्रेस को देखकर कस्टम अधिकारियों का शक और बढ़ गया। इसके बाद जब प्रेस को चेक किया तो उसके फिलामेंट में 1280 ग्राम सोना मिला। सोने पर सिल्वर कोट चढ़ा था। उसे रगड़कर साफ किया गया तो अंदर से सोना निकला। अधिकारियों के मुताबिक इसकी कीमत करीब 48 लाख रुपये आंकी गई है। गौरतलब है कि गत कुछ महीनों से दुबई से भारत में अवैध रूप से लाया गया करोड़ों का सोना जब्त हुआ है। तस्कर हर बार नये तरीके अपनाकर कस्टम अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश करते है लेकिन उनकी चालाकी पकड़ी जाती है।

24 घंटे में दो बार बिका मजिस्ट्रेट का मोबाइल

■ छीनने और खरीदने वाले चार गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी जिले के रूप नगर में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट का मोबाइल छीनने व खरीदने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें दो झपटमार व दो रिसीवर है। इनके नाम करण उर्फ राजू (20), रहीम उर्फ राजू (19), रिसीवर दुर्गा प्रसाद (26) और मुजम्मिल अहमद बताये गये हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एमएम का मोबाइल, वारदात में इस्तेमाल चोरी की स्कूटी और आठ हजार रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में पता चला कि 24 घंटे में मजिस्ट्रेट का मोबाइल दो बार बिक चुका था। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त मोनिका भारद्वाज ने बताया कि कमला नगर इलाके में रहने वाले मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विप्लव डबास सोमवार रात को खाना खाकर अपने घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान स्कूटी सवार दो बदमाशों ने उनका आईफोन झपट लिया था। केस रूप नगर थाने में दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि फोन संगम पार्क इलाके में जाकर बंद हुआ है। दूसरी ओर उत्तर-पश्चिम जिले स्थित संगम पार्क चौकी की पुलिस भी मामले की छानबीन में जुट गई। सीसीटीवी और मुखबिरों से मिली सूचना के बाद आरोपियों की पहचान कर ली गई। पुलिस ने बुधवार को एक सूचना के बाद दोपहर के समय करण और रहीम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि एमएम का फोन वजीराबाद में रहने वाले दुर्गा प्रसाद को बेचा है। इसके बाद दुर्गा प्रसाद को दबोचा गया। उसने बताया कि मोबाइल आगे वजीराबाद निवासी मुजम्मिल को 10 हजार रुपये में बेचा है। पुलिस ने मुजम्मिल को गिरफ्तार कर उसके पास से झपटा हुआ मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

थाने में फेसबुक पर लाइव आग लगाने वाले युवक ने तोड़ा दम

■ परिजनों ने शव सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। प्रेम नगर थाने में चार दिन पहले ड्यूटी ऑफिसर के सामने फेसबुक पर लाइव होकर आग लगाने वाले आशू आर्य (24) की मंगलवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार को परिजनों ने शव मुबारकपुर पानी की टंकी के पास सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। 400 से अधिक लोग प्रदर्शन में शामिल हुये। प्रदर्शनकारियों ने तीनों आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। गौरतलब है कि दशहरे के दिन शाम करीब 8.30 बजे आशु अपने पिता यादराम के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान दो युवकों अमन डबास और हरदीप डबास से इनकी चलते हुये टक्कर हो गई। टक्कर लगने से उक्त दोनों युवकों में से एक का फोन टूट गया। फोन टूटने पर दोनों पिता-पुत्र से झगड़ने लगे। इस पर आशू के पिता ने दोनों युवकों से उनका फोन ठीक कराने का वादा किया। इसके बाद रात करीब 10.30 बजे पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। आशू ने थाने में आकर अमन व हरदीप के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पिता यादराम ने बताया कि झगड़े के बाद आरोपी युवकों ने उन्हें धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। इस पर उन्होंने थाने में कई बार शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद आशू शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे थाने पहुंचा और खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर ड्यूटी ऑफिसर के सामने फेसबुक पर लाइव आकर आग लगा ली। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंगलवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

राजस्थान से आया 16 लाख कीमत का डोडा जब्त

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने राजस्थान से आया 418 किलो पॉपी स्ट्रा/डोडा पोस्ट जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत करीब 16 लाख रुपये बताई गई है। डोडा अलीपुर एरिया के बकोली गांव में एक गोदाम और फैक्ट्री में छिपाकर रखा गया था। इस संबंध में पकड़े गये तीनों लोगों के नाम राजस्थान निवासी शिव लाल, हेमराज और स्वरूप नगर, दिल्ली निवासी सतेंद्र उर्फ छोटू है। इनके पास से एक ट्रक और डिजायर कार भी जब्त की गई है। एडिशनल सीपी बी के सिंह के अनुसार जिस गोदाम व फैक्ट्री से डोडा पोस्ट बरामद हुआ वहां पर उसकी पैकेजिंग की सुविधा भी थी। यहां छोटे-छोटे पैकेटों में डोडा भरकर विभिन्न इलाकों में सप्लाई किया जाता था।

जूलर के घर लूट का मास्टरमाइंड अरेस्ट

नई दिल्ली। द्वारका जिले के नजफगढ़ में एक जूलर के घर हुई लूट के मास्टरमाइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इलाके के ही दूसरे जूलर का बेटा है। वह जूलर की संपन्न आर्थिक स्थिति से बखूबी वाकिफ था। वारदात को कुल पांच लोगों ने अंजाम दिया था जिनमें दो को कुछ समय पहले ही पुलिस पकड़ चुकी है। जूलर के घर से 10 लाख कैश और बड़ी मात्रा में जूलरी लूटी थी। इसमें से चार किलो से ज्यादा वजन के चांदी के सिक्के मास्टरमाइंड सचिन के पास से बरामद हुये हैं। इसके अलावा एक आई20 कार भी जब्त की गई है। आरोपी ने लूट की रकम में से ढाई लाख रुपये कार का लोन चुकाने में इस्तेमाल किया था। डीसीपी अंटो अल्फोंस के अनुसार 29 सितंबर की रात करीब नौ बजे नजफगढ़ के जूलर विकास जैन ने पुलिस को वारदात की सूचना दी थी। विकास जैसे ही घर पहुंचे तो तीन बदमाश उनके घर में घुसे हुये थे। उन्होंने गन प्वाइंट पर उनके बड़े बेटे को लेकर वारदात को अंजाम दिया था। इस केस के दो आरोपी रिषी और पवन 30 सितंबर को ही कापसहेड़ा पुलिस के हत्थे चढ़ गये थे।

स्पा सेंटर के लिए टास्क फोर्स बनाने के आदेश

नई दिल्ली। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने बुधवार को एक बैठक में निर्देश दिया कि दिल्ली के स्पा सेंटर से संबंधित मुद्दों के निपटारे के लिए टास्क फोर्स का गठन किया जाए। मुख्य सचिव को आदेश देते हुए उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स का गठन अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) की अध्यक्षता में किया जाए, जिसमें पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था), तीनों निगमायुक्त, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव भी टास्क फोर्स के सदस्य होगें। यह टास्क फोर्स स्पा सेंटर के काम काज पर बारीकी से नजर रखेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इन स्पा सेंटर में कोई भी अवैध और अवांछित गतिविधि नहीं हो रही है। उपर्युक्त टास्क फोर्स के अतिरिक्त जिला स्तर पर सभी जिलों में उपायुक्तों के अध्यक्षता में भी टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जिसमें दिल्ली पुलिस, महिला बाल विकास विभाग/समाज कल्याण विभाग और नगर निकायों के अधिकारी भी सदस्य होंगे। जिला स्तरीय टास्क फोर्स का कार्य जिले भर में चल रहे स्पा सैंटर पर निगरानी करना होगा जिससे कि संबंधित जिले में स्थित स्पा सैंटर में होने वाले कोई भी गैरकानूनी तथा अवांछित गतिविधियों को रोका जा सके।

रेप के आरोप में जूनियर रेजीडेंट डॉक्टर गिरफ्तार

नई दिल्ली। सफदरजंग अस्पताल के एक जूनियर डॉक्टर को रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप युवती की अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने का भी है। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के मोबाइल को जब्त कर एफएसएल जांच के लिए भेजा है। पीड़िता एक दवा कंपनी में फील्ड सेल्स मैनेजर के तौर पर काम करती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी डॉक्टर रवि वर्मा सर्जरी विभाग में जूनियर रेजीडेंट के तौर पर कार्यरत थे। पीड़िता उनसे दवाईयों की सेल के लिये मिलती जुलती थी। बाद में उनके बीच दोस्ती हो गई। युवती ने बी फार्मा की पढ़ाई कर रखी है, जिस वजह से डॉक्टर ने उसे सरकारी नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए बोला। आरोप है कि 10 मई को डॉक्टर ने उसे पढ़ाई के बहाने अपने अर्जुन नगर स्थित घर बुलाया, जहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर उसके साथ रेप किया। इस दौरान उसने युवती की आपत्तिजनक हालत में तस्वीरें भी खींच ली और वीडियो भी बनाई। बाद में उसे ब्लैकमेल कर संबंध बनाये। पीड़िता ने यह बात अपनी दोस्त को बतायी, जिसने उसे पुलिस के पास जाने की हिम्मद बंधाई। 13 अक्टूबर को केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

जुअे के अड्डे पर रेड, 33 जुआरी धरे

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। पश्चिमी जिले की राजौरी गार्डन पुलिस ने जुअे के अड्डे पर छापा मारकर 33 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुए में लगाए गए लाखों रुपये व अन्य सामान भी बरामद किया हैं। जिस शख्स की देखरेख में जुआ खेला जा रहा था उसका नाम गगन बताया गया है। बहरहाल राजौरी गार्डन थाना पुलिस केस दर्ज कर तफ्तीश कर रही है। पुलिस के अनुसार राजौरी गार्डन के जे ब्लॉक में जुआ खेलने की सूचना मिली थी। सूचना थी कि यदि मौके पर छापेमारी की जाए तो वहां से जुआ खेलने वाले कई लोग पकड़े जा सकते हैं और जुअे में लगाई गई मोटी रकम बरामद की जा सकती है। इस सूचना को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से साझा किया गया और रेडिंग टीम तैयार की गई। पुलिस की टीम बताये गये मकान की छत पर पहुंची जहां छत पर छह टेबल रखे थे और उसके आसपास लोग बैठे थे। सभी लोगों के हाथों में ताश के पत्ते व बराबर में नकदी रखी हुई थी। पुलिस ने मौके से कुल 33 लोगों को काबू किया।

ई-निविदा सूचना

नई दिल्ली: कमानी सभागार में आयोजित सांझी विरासत कार्यक्रम के दौरान लोक नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण को हमेशा ध्वस्त किया जाना चाहिए: कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि सरकारी जमीन पर अनधिकृत और अवैध निर्माण को हमेशा ही ध्वस्त किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ ने एक याचिका खारिज करने के दौरान यह टिप्पणी की। याचिका के जरिये यह मांग की गई थी कि निजी या सरकारी जमीन पर हुए अवैध निर्माण को सरकार को सौंप दिया जाए, जो युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के पुनर्वास के लिये इसका इस्तेमाल कर सकती है। अदालत ने वकीलों के एक समूह की याचिका स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि इस याचिका को स्वीकार करने से सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण या अतिक्रमण की बाढ़ आ जाएगी। पीठ ने कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की इजाजत नहीं दी जा सकती। सरकारी जमीन पर किसी अनधिकृत या अवैध निर्माण को हमेशा ही ध्वस्त किया जाना चाहिए।

अग्निशमन विभाग में रिक्तियों को जल्द से जल्द भरा जाए : उच्च न्यायालय

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी सरकार को बुधवार को निर्देश दिया कि अग्निशमन विभाग में खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। एक याचिका के अनुसार विभाग कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। विभाग ने अदालत को बताया था कि उसने करीब 706 फायर ऑपरेटरों को स्थायी आधार पर और 500 फायर ऑपरेटरों को अनुबंध पर नियुक्त करने की प्रकिया शुरू की है। इसके बाद मुख्य न्यायधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने दिल्ली सरकार को यह निर्देश दिये। अदालत ने दिल्ली अग्निशमन सेवाओं (डीएफएस) के हलफनामे में भर्ती प्रकिया से जुड़ी प्रस्तुतियों के मद्देनजर याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि इस संबंध में उठाए जा रहे कदमों को ध्यान में रखते हुए मामले पर आगे निगरानी की जरूरत दिखाई नहीं देती। डीएफएस ने हलफनामे में कहा कि विभाग में फायर ऑपरेटरों के 3,311 पद हैं। इस साल 484 ऑपरेटरों की नियुक्ति के बाद इनकी कुल संख्या 2,731 हो गई है।

MEDICAMEN BIOTECH LTD.
PUBLIC NOTICE FOR LOSS OF SHARE CERTIFICATES

गुमशुदा की तलाश



पूजा
DP/2782/OD/19.

फर्जी कर्मचारियों के नाम पर करीब 25 लाख रुपये की ठगी

महिला कर्मचारियों ने कंपनी को लगाया चूना

■ एक साल बाद पकड़ी गई चालाकी

■ कर्मचारियों की लिस्ट एक कर्मचारी को गलती से मेल करने पर हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के डॉमेस्टिक एयरपोर्ट पर स्थित एक निजी कंपनी की दो महिला कर्मचारियों पर 25 लाख रुपये के गबन का आरोप है। दरअसल दोनों कर्मचारी एचआर डिपार्टमेंट में तैनात थी और उन्होंने फर्जी कर्मचारियों के नाम पर उनकी सैलरी अपने खातों में ट्रांसफर की थी। लेकिन दोनों की चालाकी एक साल बाद तब पकड़ी गई जब उनमें से एक ने कर्मचारियों की लिस्ट एक कर्मचारी को गलती से मेल कर दी। फिलहाल एयरपोर्ट थाना पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट पर एक्सपोर्टर कंपनी बड्डी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का ऑफिस है। इसमें कामिनी रावत और दीपिका वशिष्ठ नामक दो महिला कर्मचारी एचआर विभाग में तैनात थीं। कामिनी वरिष्ठ थी। उनका काम नए नियुक्त हुए कर्मचारियों की हाजिरी और सैलरी का काम देखना था। दीपिका भी कामिनी के अंडर में काम करती थी। आरोप है कि इन दोनों ने कंपनी की लिस्ट में कुछ फर्जी कर्मचारियों के नाम डाले और उनकी सैलरी, पीएफ व ईएसआई समेत अन्य सुविधाओं के पैसे अपने खातों में ट्रांसफर किये। इन सब के अलावा दोनों पर आरोप है कि कुछ कर्मचारियों की सैलरी बढ़वाकर उनसे कमीशन तक लिया गया। सब कुछ ऐसे ही चलता रहता, यदि फर्जी कर्मचारियों की लिस्ट दूसरे कर्मचारियों तक नही पहुंचती। हुआं यूं कि कामिनी ने एक मेल अन्य कर्मचारियों को किया, जिसमें फर्जी कर्मचारियों की लिस्ट भी चली गई। जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची तो जांच कराई गई। फर्जीवाड़ा पाए जाने पर अब डॉमेस्टिक एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज कर लिया गया। एयरपोर्ट पुलिस उपायुक्त संजय भाटिया पूरे मामले की जांच कराने की बात कर रहे हैं।

(खुली ई-निविदा की सूचना)

खबर संक्षेप

अलीगढ़ में कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

अलीगढ़। सिविल लाइंस इलाके के शमशाद मार्केट में कार्यालय में बैठे स्थानीय कांग्रेस नेता की मंगलवार को दो नकाबपोश बाइक सवारों ने गोली मार कर कथित तौर पर हत्या कर दी। एसपी अभिषेक कुमार ने बुधवार को बताया कि मोहम्मद फारूक ब्याज पर लोगों को उधार देते थे। उनकी पत्नी पूर्व सभासद थीं। मंगलवार की शाम करीब 8 नकाबपोश उनके आफिस में घुसे, उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। फारुक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिस स्थान पर वारदात हुई वह भीड़ वाला इलाका है। हमलावर हवा में गोलियां चलाते हुये फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जीप पेड़ से टकराई इंदौर के महंत की मौत

बांदा (उप्र)। जिले की गिरवां थाना पुलिस ने बुधवार को बताया कि मध्य प्रदेश के इंदौर में बरौदिया कलां शांतिपुरी आश्रम के महंत श्री शांतिपुरी महाराज (65) चालक राहुल (36), शिष्य अवधेश के साथ मंगलवार को चित्रकूट से आश्रम लौट रहे थे। महुआ गांव के पास सड़क पर जीप के सामने अचानक गाय आ गई, जिसे बचाने की कोशिश में जीप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। महंत की मौके पर मौत हो गई, राहुल घायल हो गया है। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद महंत के शव को अनुयायी आश्रम ले गए हैं।

बिजली में भ्रष्टाचार: यूपी सरकार कराएगी विशेष आडिट

लखनऊ। भ्रष्टाचार की तमाम शिकायतों के बाद यूपी सरकार ने राज्य की सभी बिजली वितरण कंपनियों के वित्त विभाग की विशेष आडिट कराने का बुधवार को फैसला किया। प्रदेश के उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि प्रदेश की सभी विद्युत वितरण कंपनियों के वित्त विभागों का स्पेशल ऑडिट कराए जाने के निर्देश दिये गये हैं।

राजीव के निधन पर वकीलों में आक्रोश, मांगा मुआवजा

डेंगू से पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता की मौत, दो विधायक हुए बीमार

एजेंसी ⏭ पटना

डेंगू के डंक ने पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव लोचन की जिंदगी लील ली। दो-तीन दिन पहले से ही अधिवक्ता राजीव लोचन डेंगू बुखार से पीड़ित हुए थे।

■ दो-तीन दिन पहले डेंगू बुखार से हुए थे पीड़ित

इसके बाद इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया पर बचाया नहीं जा सका। अधिवक्ता राजीव लोचन पूर्व राजकीय अधिवक्ता अवधेश कुमार पांडेय के सहायक अधिवक्ता के रूप में हाईकोर्ट में काम कर चुके थे। राजीव लोचन के असामयिक निधन पर वकीलों में शोक, आक्रोश व्याप्त है। जलजमाव के बाद डेंगू के कहर ने राजीव लोचन की जान ले ली। अधिवक्ता राजीव लोचन बक्सर जिले के चौसा के डिहरी गांव के रहने वाले थे। इनकी उम्र 50 वर्ष के करीब थी। राजधानी पटना में वह अपने पिता, मां, पत्नी व एक बेटी के साथ नेहरू नगर में रहते थे। राजीव लोचन दो भाई थे। भाजपा विधि विधायी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक तारकेश्वर नाथ ठाकुर, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह, अधिवक्ता राजन सहाय व अधिवक्ता राजेश वर्मा ने राज्य सरकार से पर्याप्त मुआवजा राजीव लोचन के परिवार को देने की मांग की है। अधिवक्ता अवधेश कुमार पांडेय, राजेश कुमार सिंह और पवन चौधरी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा अधिवक्ता समुदाय राजीव लोचन के परिवार के साथ खड़ा है व जो भी संभव होगा मदद की जायेगी।

अधिवक्ताओं ने कैंडल लाइट मार्च के दौरान मुंह पर काला रिबन बांधकर जताया विरोध।

अभिनेत्री अनारा ने पीड़ितों के बीच बांटी मच्छरदानी

पटना। मिस जम्मू रहीं अभिनेत्री अनारा गुप्ता ने बुधवार को राजधानी पटना में बीते दिनों आई आपदा से पीड़ितों के बीच मच्छरदानी का वितरण किया। उन्होंने पटना के राजेंद्र नगर स्थित वैशाली गोलंबर पर सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच मच्छरदानी का वितरण किया, ताकि वे जलजमाव के बाद डेंगू-मलेरिया के मच्छड़ों से खुद को बचा सकें, ताकि वे बीमार न हों। अनारा ने अपनी संस्था एजी फाउंडेशन के तहत करीब सैकड़ों लोगों को मच्छरदानी का वितरण किया व आगे भी जरूरत मंद लोगों की सहायता करने की बात कही।

विधायक संजीव चौरसिया की हालत स्थिर, नवीन डेंगू की चपेट में आए

पटना। राजधानी पटना के बांकीपुर विधायक नितिन नवीन भी डेंगू की चपेट में आ गये हैं। उन्हें काफी तेज बुखार के साथ सिर और शरीर में दर्द की शिकायत है। डॉक्टरों की सलाह पर उनका घर पर ही इलाज चल रहा है। मालूम हो कि इससे पहले विधायक संजीव चौरसिया के डेंगू की चपेट में आने की खबर आई थी। अब उनकी हालत स्थिर है। जानकारी के मुताबिक, राजधानी पटना के बांकीपुर विधायक नितिन नवीन भी डेंगू की चपेट में आ गये हैं। विधायक नितिन नवीन को तेज बुखार के साथ सिर और शरीर में सोमवार की सुबह से ही दर्द की शिकायत थी। इसके बाद उन्हें बोरिंग रोड स्थित डॉ. अजीत मिश्रा के क्लिनिक पर ले जाकर दिखाया गया। जांच रिपोर्ट में डेंगू के लक्षण पाये गये। विधायक नितिन नवीन की सीबीसी की जांच करायी जायेगी।

नितिन नवीन ने दी सलाह, सावधानी बरतें लोग

नितिन नवीन ने कहा है कि मैं सभी लोगों से सावधानी बरतने की अपील करना चाहता हूं। बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए। इधर, विधायक संजीव चौरसिया

की हालत स्थिर बतायी जा रही है। दीघा विधायक डॉ. संजीव कुमार चौरसिया भी डेंगू की चपेट में आ गये हैं। उनकी हालत स्थित होने पर डॉक्टरों ने उन्हें घर पर ही इलाज की सलाह दी है। डॉ चौरसिया का प्लेटलेट्स फिलहाल 60 हजार के करीब है।

हाईकोर्ट ने सरकार की नीति पर जताई नाराजगी

पटना में हुए जलजमाव मामले पर दायर सभी याचिकाओं की पटना हाईकोर्ट में बुधवार को होने वाली सुनवाई टल गई है। सुनवाई अब 18 अक्तूबर को होगी। पटना में पिछले दिनों बारिश के कारण हुए भयंकर जलजमाव मामले में वकीलों के अनुरोध पर न्यायाधीश शिवाजी पांडेय व न्यायाधीश पार्थ सार्थी की खंडपीठ ने सुनवाई की तारीख निर्धारित की थी। अदालत ने माना है कि जलजमाव गंभीर समस्या है, इससे नागरिकों को काफी परेशानी हुई है। हाईकोर्ट ने जलजमाव पर मामले की सुनवाई करते हुए कड़ी नाराजगी जताई। अधिकारियों का तबादला किये जाने की सरकार की नीति पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी जिम्मेदार अधिकारियों को जवाब देना होगा। साथ ही अदालत ने दानापुर नगर परिषद व बुडको को पार्टी बनाने का निर्देश दिया। कोर्ट को अधिवक्ताओं ने बताया है कि पूरे पटना के नागरिकों को जलजमाव के दौरान नारकीय स्थिति में झोंका गया था। सुविधाओं एवं जलजमाव की समस्या को समाप्त करने के लिए बनी योजनाओं की राशि में हेरफेर की जांच के लिए कमेटी भी गठित की जा सकती है।

जलजमाव के कारणों की जांच के लिए सरकार ने गठित की चार सदस्यीय कमेटी

राज्य सरकार ने पटना में हुए जलजमाव के कारणों की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी जलजमाव के कारणों व इसके लिए दोषी अधिकारियों व पदाधिकारियों को चिह्नित करते हुए रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपेगी। कमेटी को एक महीने में रिपोर्ट तैयार सौंपने के लिए कहा गया है। कमेटी में विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह अध्यक्ष बनाये गये हैं। जबकि, सदस्यों में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव अमृत लाल मीणा, वित्त विभाग के प्रधान सचिव एस सिद्धार्थ व आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत को शामिल किये गये हैं। गृह विभाग ने कमेटी को गठित करने के संबंधित आदेश जारी कर दिया है। कमेटी मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर जांच करेगी। सीएम ने सोमवार को जलजमाव के कारणों की समीक्षा की थी। समीक्षा में विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जांच टीम गठित करने के निर्देश दिये गये थे। कमेटी पटना नगर क्षेत्र में अत्याधिक बारिश की वजह से हुए जलजमाव की परिस्थितियों, कारणों का निर्धारण, शहर में बरसात के मौसम से पहले नालों की सफाई, जल निकासी के पंपों की मरम्मत, रख-रखाव और चालू रखने के लिए ससमय कार्रवाई करने में हुई कमी या चूक के लिए दोष निर्धारण व भविष्य में जलजमाव की समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक अल्पकालीन व दीर्घकालीन योजना के संबंध में सुझाव एवं अनुशंसा करने पर जांच करेगी।

बंदी महिलाएं करवा चौथ पर पतियों से मिले सकेंगी

मथुरा। यूपी के मथुरा जनपद में जेल में बंद 65 महिला बंदी भी अन्य महिलाओं के समान ही अपने पतियों की दीर्घायु की कामना करते हुए न केवल विधि-विधान से करवाचौथ का व्रत रख सकेंगी, बल्कि परम्परानुसार पति का चेहरा देख कर व्रत भी खोल सकेंगी। कारागार प्रशासन पतियों की मांग पर उनकी पत्नियों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास कर रहा है। मथुरा जिला कारागार के जेलर अरविंद पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि मथुरा जेल में कुल 103 सजायाफ्ता एवं विचाराधीन महिला बंदी निरुद्ध हैं। इनमें से 65 बंदियों ने अपने पतियों की याचना के अनुसार 17 अक्तूबर को करवाचौथ का व्रत रखने की सूचना कारावास प्रशासन को दी है। इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। पाण्डेय ने बताया कि दरअसल, 65 महिला बंदियों के पतियों ने करवाचौथ के दिन व्रत खोलने के अवसर पर अपनी-अपनी पत्नी से मिलने की इजाजत मांगी थी। इस पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए करवाचौथ का व्रत करने वाली महिलाओं के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। वे नियमानुसार शर्तें पूरी करते हुए पति से मिल सकेंगी। जेलर पाण्डेय ने बताया कि महिला बंदियों को करवाचौथ व्रत के लिए मेहंदी, महावर आदि जरूरी सामान भी जेल की मान्य सूची के अनुसार लाने दिया जाएगा तथा एक निश्चित समय पर मिलाई कराई जाएगी। जेल अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार मैत्रेय ने बताया कि महिला बंदियों को व्रत के लिए उनके पतियों के साथ मिलाई कराकर व्रत खोलने की छूट जरूर दी जाएगी किंतु सुरक्षा नियमों में व किसी भी प्रकार की छूट बंदियों अथवा उनसे मिलने के लिए आने वाले पतियों को नहीं दी जाएगी।

करवाचौथ की खरीददारी करने गये पति की मौत, पत्नी घायल

हाथरस। करवाचौथ के लिए पत्नी के साथ खरीददारी करने घर से निकले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि हाथरस जंक्शन के गांव बरवाना के रहने वाले बॉबी (25) की शादी छह महीने पहले रानी से हुई थी। पहला करवाचौथ होने के कारण पति-पत्नी मंगलवार को खरीददारी के लिए बाइक से हाथरस आये थे। खरीददारी के बाद वह वापस गांव जा रहे थे। शाम लगभग सात बजे मथुरा-बरेली मार्ग स्थित कैलोरा चौराहा पर सामने से आ रहे वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, हाथरस जंक्शन के प्रभारी कोतवाल मनोज शर्मा ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने बॉबी को मृत घोषित कर दिया। हादसे में पत्नी रानी को हल्की चोटें आई हैं। वाहन का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

राशिफल 17 अक्टूबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

मेष : कार्यक्षेत्र पर सभी आपसे प्रभावित होंगे। परिवार में कोई खुशखबरी मिल सकती है। घर या वाहन की खरीदादरी कर सकते हैं। कोई आपको परेशानी में डाल सकता है। **शुभ अंक:** 1, **रंग :** क्रीम।

वृष: घर पर कोई काम कराने से पहले सभी से सहमित लें। दोस्तों के साथ घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं। सेहत को लेकर सतर्क रहें। किसी प्रतिष्ठित समारोह में हिस्सा ले सकते हैं। **शुभ अंक:** 8, **रंग:** इलेक्ट्रिक ब्लू।

मिथुन: जकरियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार के किसी सदस्य से नाराज हो सकते हैं। कहीं छुट्टियों पर जाने का प्लान बना सकते हैं। प्रॉपर्टी को लेकर कोई निर्णय ले सकते हैं। **शुभ अंक :** 8, **रंग:** लाल।

कर्क: कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। किसी परेशानी में परिवार का साथ मिलेगा। मौसम के कारण छुट्टियों पर जाने का मजा खराब हो सकता है। **शुभ अंक:** 3, **रंग:** लेमन।

सिंह: कार्यक्षेत्र कोई महत्वपूर्ण असाइनमेंट मिल सकता है। घर पर किसी चीज के कारण नाराज हो सकते हैं। कागजी कारवाई में देरी के कारण प्रॉपर्टी का मामला सुलझ जाएगा। **शुभ अंक:** 11, **रंग:** इंडिगो।

कन्या: कार्यक्षेत्र पर कोई आपके काम पर ऊंगली उठा सकता है। परिवार में किसी समारोह का आयोजन कर सकते हैं। कोई प्रॉपर्टी खरीद सकते हैं। ग्रुप स्टडी करना फायदेमंद नहीं होगा। **शुभ अंक:** 15, **रंग:** लाल।

तुला: कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स आप पर विश्वास करेंगे। परिवार में गलफहमी से बचने के लिए बातें करें। प्रॉपर्टी में निवेश करते समय सतर्क रहें। पढ़ाई के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंक:** 5, **रंग :** टरक्वॉइश।

वृश्चिक: करियर में नया मौका मिल सकता है। घर की साज-सज्जा के बारे में सोच सकते हैं। घर खरीदने का सपना जल्दी पूरा हो सकता है। सालों बाद किसी दोस्त से मिलना होगा। **शुभ अंक:** 9, **रंग :** रोज।

धनु: कार्यक्षेत्र पर कोई आपको धोखा दे सकता है। यात्रा कर अच्छा महसूस करेंगे। घर या अपार्टमेंट की खरीददारी कर सकते हैं। किसी के सामने कुछ भी बोलते समय सतर्क रहें। **शुभ अंक :** 7, **रंग:** नारंगी।

मकर: कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। परिवार के किसी बच्चे की सफलता पर गर्व करेंगे। किसी प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर सभी संतुष्ठ होंगे। **शुभ अंक :** 22, **रंग:** इलेक्ट्रिक ब्लू।

कुंभ : कार्यक्षेत्र पर चीजों को अच्छे से पूरा करने की कोशिश करें। किसी मेहमान के आने से परेशानी महसूस करेंगे। रियल स्टेट्स से जुड़े लोगों को लाभ होगा। **शुभ अंक :** 17, **रंग:** पैरेट ग्रीन।

मीन: कार्यक्षेत्र पर कोई आप पर हावी होने की कोशिश कर सकता है। प्रोफेशन में परिवार का कोई सदस्य आपकी मदद करेगा। प्रॉपर्टी से जुड़ा मामला आसानी से सुलझेगा। **शुभ अंक :** 4, **रंग :** डार्क ग्रे स्लेट।

: टिप्स :

1. एक लाल रंग के रिबन के साथ तीन चिंग सिक्के को बांधकर उसे अपने घर के सामने के बागीचे में एक पेड़ पर टांग दें। ऐसा करने से धनोपार्जन की संभावानाएं बढ़ जाती हैं।
2. अच्छी सेहत, समृद्धि के लिए फेंगशुई में कछुआ सकारात्मक प्रभाव देते हैं। इसे घर के उत्तरी हिस्से में रखने से मनोवांछित लाभ मिलता है, जबकि इसे अपने कार्यालय के उत्तरी हिस्से में रखने पर करिअर को समर्थन मिलता है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

यूपी: भीड़ ने की दलित युवक की बेरहमी से पिटाई, वीडियो वायरल

एजेंसी ⏭ लखीमपुर खीरी

यूपी के लखीमपुर खीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में भीड़ दलित युवक की बेरहमी से पिटाई करती हुई नज़र आ रही है। दलित युवक भीड़ के सामने हाथ जोड़कर रहम की भीख मांग रहा है, पर किसी को तरस नहीं आ रहा। पीड़ित युवक का नाम महेश बताया जा रहा है। खुद को कानून से ऊपर समझने वाली भीड़ ने पहले महेश को टायर से बांधकर लाठी व डंडों से पीटा। उसके बाद खंभे से बांधकर बेल्ट से मार मारकर अधमरा कर

दिया। वीडियों में महिला भी बेल्ट से मारती हुई नजर आ रही है। वहीं, पीड़ित के घरवालों का दावा है कि वो लखीमपुर के पलिया इलाके में किसी के घर बकाया पैसे लेने गया था पर पैसे लौटाने के बजाए लोग उसे बांध कर बुरी तरह पीटने लगे।

चंद्रपुरा थर्मल से दामोदर में बहा फर्नेस ऑयल, पानी हुआ विषाक्त, जल संकट में 8 लाख लोग

एजेंसी ⏭ धनबाद

दामोदर में भारी मात्रा में फर्नेस ऑयल बहने से चंद्रपुरा से लेकर धनबाद तक अफरा-तफरी मच गई। जामाडोबा जल संयत्र से मंगलवार की सुबह से ही जल भंडारण रोक दिया गया। फलस्वरूप झरिया कोयलांचल और पुटकी समेत अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप है। आठ लाख की आबादी प्रभावित हुई है। नदी का पानी इतना विषाक्त हो गया है कि

मछलियां मर रहीं हैं। पानी इस कदर विषाक्त हो चुका है कि इसे पीने से इंसान की किडनी फेल हो सकती है। लीवर खराब हो सकता है। बहरहाल, सूचना के बाद जमाडा के अधिकारियों ने संयंत्र पहुंच कर दामोदर नदी का निरीक्षण किया। दूरभाष पर उपायुक्त को जानकारी दी व तेनुघाट से पानी छोड़ने का आग्रह किया, ताकि केमिकल युक्त पानी को आगे भेजा जा सके। प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने जांच के लिए पानी का सैंपल लिया है। जमाडा के अनुसार जामाडोबा से गुरुवार से ही जलापूर्ति संभव है। चंद्रपुरा के ग्रामीणों के अनुसार काले रंग का यह तैलीय पदार्थ डीवीसी के चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन के नाले से निकल कर सीधे दामोदर नदी में जा रहा है. संभावना व्यक्त की जा रही है कि प्लांट में रविवार की रात रेल से आये टैंकर (वैगन) या प्लांट के टैंक से फर्नेस ऑयल बहकर नाले से निकला होगा। फिलहाल डीवीसी इसकी जांच कर रही है कि तेल कहां से बहा है। फर्नेस ऑयल प्लांट चालू करने के काम आता है। इस बाबत प्लांट के एचओपी आरके सिन्हा ने बताया कि नये सिस्टम के कारण एफओ का लीकेज हुआ है।

पाइप लाइन फटी...

अलीगढ़ में बुधवार को टूटी हुई पानी की पाइप लाइन से पानी इकट्ठा करने के बाद बच्चे पानी ले जाते हुए। मंगलवार देर रात नगर निगम अलीगढ़ के एक ऑपरेशन के दौरान पानी की लाइन फट गई थी।

प्राथमिक विद्यालय में मदरसे की दुआ कराने का आरोप, प्रधानाध्यापक निलंबित

पीलीभीत (यूपी)। जिले के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा सरस्वती वंदना की जगह मदरसे की दुआ (प्रार्थना) कराने का मामला सामने आया है।

शिकायत के बाद प्रशासन ने प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के साथ मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी पीलीभीत वैभव श्रीवास्तव के अनुसार जिले की बीसलपुर इकाई के विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं (विहिप) ने बीसलपुर प्राथमिक विद्यालय को लेकर उपजिलाधिकारी सौरभ दुबे से शिकायत की थी।

एएमयू के पूर्व छात्र ने आत्महत्या की, परिसर में तनाव व्याप्त

एजेंसी ⏭ अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय परिसर स्थित छात्रावास में पूर्व छात्र द्वारा आत्महत्या किये जाने के बाद वहां तनाव व्याप्त हो गया। घटना के बाद मंगलवार की देर रात को बड़ी संख्या में छात्र नारेबाजी करते हुये सड़कों पर आ गए व पुलिस से परिसर को छोड़ कर जाने के लिये कहा। एएमयू के प्रवक्ता शाफे किदवई ने बुधवार को बताया कि मृतक छात्र अनस शम्सीहद (23) ने पिछले साल समाज कार्य विषय में परास्नातक का पाठ्यक्रम पूरा किया था। तीन दिन पहले वह मुमताज छात्रावास के पुराने कमरे में पीएचडी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने आया था। किदवई ने बताया कि उसके छात्रावास के मित्रों के मुताबिक वह कुछ पारिवारिक कारणों से परेशान था। मंगलवार को दोपहर बाद जब उसके साथ छात्रावास में रहने वाले दो अन्य मित्र बाहर गये थे तब उसने पंखे से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। कल रात जब उसके साथ कमरे में रहने वाले मित्र वापस आये और दरवाजा बंद पाकर उन्होंने उसे तोड़ा तो अनस को पंखे से लटकता पाया।

कानून व्यवस्था को दें प्राथमिकता, जाति-धर्म से ऊपर उठ कर करें काम: रघुवर दास

रांची/हजारीबाग। झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पुलिस में बहाल हुए नये अधिकारियों से कहा है कि वे कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दें।

जाति और धर्म से ऊपर उठकर काम करें। सीएम ने 1170 पुलिस अवर निरीक्षकों की भर्ती को पांच साल के कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में बताया। वह हजारीबाग में बुधवार को पुलिस पदाधिकारियों की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने पुलिस अवर निरीक्षकों की बहाली पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त एवं विवादरहित तरीके से की है। यह वर्तमान सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त व पारदर्शी शासन का शानदार उदाहरण है।

ढाई हजार पुलिस अवर निरीक्षकों की नियुक्ति हुई है, जिसमें गरीब, किसान, मजदूर, छोटे व्यवसायी, व जनजातीय समुदाय के बच्चे शामिल हैं। इन सभी लोगों ने प्रतिभा के बल पर पुलिस पदाधिकारी की नौकरी पायी है।

प्रशासनिक, पुलिस नोडल अधिकारियों की बैठक में बोले- योगी

'विशेष अभियान से निखारें सूबे की छवि'

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पिछले ढाई साल में राज्य की छवि में सकारात्मक बदलाव आया है लेकिन प्रदेश की छवि को और बेहतर बनाने के लिए तीन महीने का विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। योगी ने यहां अपने सरकारी आवास पर प्रशासनिक और पुलिस नोडल अधिकारियों की बैठक में कहा कि विगत ढाई वर्ष में राज्य की

छवि में सकारात्मक बदलाव आया है, जिसे और भी अच्छा बनाया जा सकता है। इसके लिए व्यापक व समग्र प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। प्रदेश की छवि को और बेहतर बनाने के लिए तीन महीने का विशेष अभियान संचालित किया जाए। व्यवस्था खराब करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अभियान के दौरान चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए।

चालान काटना नहीं, जागरूकता फैलाना हो पुलिस का लक्ष्य

योगी ने कहा कि पुलिस चालान काटने को लक्ष्य न बनाए बल्कि वाहन चालकों को जागरूक करना उनकी जिम्मेदारी है।

योगी ने कहा कि प्रभावी और उद्देश्यपरक कार्रवाई से प्रशासन और पुलिस की छवि में और सुधार होगा। सामान्य जनमानस को सुशासन उपलब्ध कराना राज्य सरकार का दायित्व है।

खबर संक्षेप

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के फार्महाउस में पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या

हैदराबाद। तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने सिद्दीपेट जिले में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के फार्महाउस में बुधवार को कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फार्महाउस में प्रभारी सुरक्षा गार्ड के रूप में पदस्थ 38 वर्षीय ए वेंकटेश्वर्लू ने सुबह लगभग साढ़े दस बजे गार्ड विश्राम कक्ष में नौ एमएम की अपनी सर्विस कार्बाइन से अपनी दाहिनी कनपटी में गोली मार ली। सिद्दीपेट के पुलिस आयुक्त जोएल डेविस ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वेंकटेश्वर्लू को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। डेविस ने कहा कि हेड कांस्टेबल ने व्यक्तिगत कारणों से आत्महत्या की। उन्होंने बताया कि वेंकटेश्वर्लू को शराब की लत थी और उसका नशामुक्ति उपचार कराया गया था। वह 29 सितंबर को ही ड्यूटी पर लौटा था। डेविस ने कहा कि हेड कांस्टेबल पिछले दो दिन से अनधिकृत छुट्टी पर था और उसकी पत्नी के आग्रह पर ड्यूटी अधिकारी ने उसे वापस ड्यूटी पर लिया था। फार्महाउस एर्रावल्ली में स्थित है।

बच्ची से बलात्कार: बुजुर्ग व्यक्ति को 20 साल की कैद की सजा

हैदराबाद। हैदराबाद की एक अदालत ने साढ़े चार साल की एक बच्ची से बलात्कार के मामले में एक बुजुर्ग व्यक्ति को 20 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। बच्ची से बलात्कार की यह घटना अक्टूबर 2018 की है। प्रथम अतिरिक्त मेट्रोपोलिटन सत्र न्यायाधीश सुनीता कुंचला ने 62 वर्षीय आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 एबी (12 साल से कम उम्र की लड़की से बलात्कार) और यौन अपराधों से बाल संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दोषी पाया। अदालत ने दोषी पर 1,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

पाकिस्तान ने 'संघर्ष विराम उल्लंघन' पर भारतीय दूत को तलब किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बुधवार को भारत के उप उच्चायुक्त गौरव अहलूवालिया को नियंत्रण रेखा पर भारतीय सैनिकों द्वारा संघर्ष विराम के कथित उल्लंघन पर विरोध जताने के लिए तलब किया। पाकिस्तान का दावा है कि इस कथित संघर्ष विराम उल्लंघन में उसके तीन नागरिक मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि महानिदेशक (दक्षिण एशिया एवं दक्षेस) मोहम्मद फैजल ने अहलूवालिया को तलब किया और मंगलवार को नियंत्रण रेखा पर नेजापीर सेक्टर में भारतीय सैनिकों द्वारा कथित तौर पर संघर्ष विराम उल्लंघन किए जाने की निंदा की। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारतीय बलों की 'बिना उकसावे की गोलीबारी' में तीन आम नागरिकों की मौत हो गई जबकि एक महिला और एक बच्चे समेत आठ अन्य घायल हो गए।

तृणमूल कांग्रेस का नैहाटी नगर निकाय पर फिर से कब्जा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को नैहाटी नगर निकाय पर फिर से अपना कब्जा जमा लिया। अधिकारियों ने बताया कि 31 सदस्यीय नगर निकाय में विश्वासमत के तहत हुए मतदान में तृणमूल कांग्रेस ने 24-0 से जीत दर्ज की। शेष सात पार्षदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद 31 में 18 पार्षदों ने अपना पाला बदल लिया था और वे भाजपा में शामिल हो गये थे। इससे नगर निकाय में भगवा पार्टी का प्रभावी नियंत्रण हो गया था। भाजपा में शामिल होने वालों में नगर निकाय के उपाध्यक्ष भी शामिल थे। हालांकि, इनमें से 10 दलबदलू पार्षद दो महीने के अंदर ही फिर से तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये।

महाराष्ट्र: सावरकर को भारत रत्न के मुद्दे पर पीएम ने घेरा

कांग्रेस को 'एक परिवार' में दिखता है राष्ट्रवाद: मोदी

एजेंसी ▶▶ अकोला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसे एक परिवार के प्रति समर्पण में ही राष्ट्रवाद नजर आता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल अंतिम सांसे गिन रहा है। महाराष्ट्र में अगले हफ्ते होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री जालना जिले के पारतुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इस रैली में उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वह पार्टी नहीं रह गई जिसने आजादी की लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि वह पार्टी अंतिम सांसे गिन रही है। उसे परिवार भक्ति में ही राष्ट्र भक्ति नजर आती है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाए जाने को लेकर विपक्षी दलों की आपत्ति के सिलसिले में उन पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस और राकांपा के नेताओं से कहना चाहता हूं कि वह उस स्थान पर एक चादर डाल सकते हैं जहां अनुच्छेद 370 को दफनाया गया है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के युवा नेता कहते हैं कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने का सरकार का फैसला देश हित में है तो उन्हें पार्टी में दरकिनार कर दिया जाता है। मोदी ने आगे कहा कि मराठवाड़ा ने राज्य को तीन मुख्यमंत्री दिए लेकिन फिर भी यह क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि शरद पवार की राकांपा और कांग्रेस विधानसभा चुनाव में केवल 10-10 सीटें ही जीत पाएंगी।

खास बातें

- शरद पवार की राकांपा और कांग्रेस विधानसभा चुनाव में केवल 10-10 सीटें ही जीत पाएंगी
- जब कांग्रेस के युवा नेता कहते हैं कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने का सरकार का फैसला देश हित में है तो उन्हें पार्टी में दरकिनार कर दिया जाता है

राष्ट्र निर्माण का आधार हैं सावरकर के संस्कार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के मूल्य राष्ट्र-निर्माण का आधार हैं। मोदी के यह बयान देने से एक दिन पहले ही भाजपा ने 21 अक्टूबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में सावरकर को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिए जाने की मांग उठाई थी। मोदी ने राज्य के अकोला जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए इस बात पर भी अफसोस जताया कि बी आर आम्बेडकर को दशकों तक भारत रत्न से वंचित रखा गया। मोदी ने कहा कि यह सावरकर के संस्कार ही हैं कि हमने राष्ट्रवाद को राष्ट्र निर्माण के मूल में रखा है।

जावड़ेकर ने मोदी की रैली के लिए पेड़ों की कटाई का किया बचाव

मुंबई। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनाव रैली के लिए पेड़ काटे जाने का बचाव करते हुए बुधवार को कहा कि ऐसा पहले भी हो चुका है लेकिन उससे अधिक पौधे भी लगाए गए थे। केन्द्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि 17 अक्टूबर को होने वाली मोदी की रैली के लिए पुणे शहर के सर परशुराम कॉलेज परिसर में कुछ पेड़ों को काटा गया है। मोदी की रैली कॉलेज के मैदान में होनी है। जावड़ेकर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि हर बार जब हम पेड़ काटते हैं,तो हम पहले से ज्यादा पौधे लगाते हैं।



रैली के दौरान हमले में शिवसेना सांसद घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले में बुधवार को एक रैली के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने शिवसेना सांसद ओमराजे निंबालकर पर चाकू से वार किया। हमले में सांसद घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के तुरंत बाद आरोपी फरार हो गया और उसे पकड़ने के लिये तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि जिस वक्त यह घटना हुई तब निंबालकर कलंब तालुका के पडोली नैगांव गांव में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रैली के दौरान व्यक्ति निंबालकर से हाथ मिलाने के बहाने एक समूह के साथ उनके पास पहुंचा था। निंबालकर उस्मानाबाद लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने बताया सांसद का अभिवादन करते समय व्यक्ति ने उन पर चाकू से हमला किया और फौरन वहां से फरार हो गया। निंबालकर के हाथ में जख्म हुआ हालांकि कलाई पर घड़ी बंधी होने के वह अधिक गहरा नहीं हुआ।

- अभिवादन करते समय व्यक्ति ने सांसद पर चाकू से किया हमला

लापता बसपा उम्मीदवार का पता चला

औरंगाबाद । महाराष्ट्र के नांदेड़ उत्तरी विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार प्रकाश बागटे का पुलिस ने पता लगा लिया है। वह सोमवार से लापता चल रहे थे। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भाग्यनगर पुलिस थाना के इंस्पेक्टर अनिरूद्ध काकड़े ने बताया कि बागटे की बहन ने मंगलवार 14 अक्टूबर को अपने भाई की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने दावा किया कि बागटे को संभवतः अगवा किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को यवतमाल जिले के उमरखेड़ में बागटे के होने का पता चला। यह जगह औरंगाबाद से करीब 335 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। काकड़े ने बताया बागटे ठीक हैं। उन्होंने हमें बताया कि उन्हें अगवा नहीं किया गया है।

जम्मू-कश्मीर की चिनैनी नाशरी सुरंग श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने का ऐलान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने एशिया की सबसे बड़ी सुरंगों में शामिल चिनैनी नाशरी का नाम जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने का एलान किया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बनी इस सुरंग को अब श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा, जिन्होंने देश को एक निशान, एक विधान और एक प्रधान का मंत्र दिया था। सुरंग का नामकरण करने के एलान के बाद गडकरी ने कहा कि इसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर समर्पित करना हमारी ओर से उन्हें श्रद्धांजलि है। इस सुरंग को एशिया की सबसे हाईटेक सुरंगों में से एक माना जाता है और इससे हर दिन हजारों वाहन जम्मू से श्रीनगर के बीच यात्रा करते हैं। 9.2 किमी की यह सुरंग एशिया की सबसे लंबी सुरंगों में से एक है।



- गडकरी ने कहा कि इसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर समर्पित करना हमारी ओर से उन्हें श्रद्धांजलि है

जम्मू कश्मीर लघु उद्योग विकास निगम के कई अधिकारियों के यहां छापे

जम्मू। भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो ने बुधवार को जम्मू कश्मीर लघु उद्योग विकास निगम के कई वरिष्ठ अधिकारियों के यहां छापे मारे और इस दौरान विभिन्न दस्तावेजों के अलावा 68 लाख रूपए मूल्य का सोना तथा करीब 10 लाख रूपए नकद बरामद किए गए। एक अधिकारी ने बताया कि निगम के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक भूपेंद्र सिंह दुआ के घर में कीमती सामान मिला। उन्होंने बताया कि ब्यूरो के अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर हस्तशिल्प निगम के प्रबंध निदेशक जसविंदर सिंह दुआ और लघु उद्योग विकास निगम के सेवानिवृत्त प्रबंध निदेशक ए के खुल्लर के घरों में भी छापे मारे। यह मामला जसविंदर की कथित अवैध नियुक्ति से संबंधित है। भूपेंद्र सिंह दुआ के घर पर छापे के दौरान करीब 68 लाख रुपये मूल्य के 1.83 किलोग्राम सोने के गहने, 1.47 किलोग्राम चांदी और 9,57,400 रुपये नकद जब्त किए गए। भूपेंद्र सिंह दुआ ने पॉश नानक नगर इलाके में एक महलनुमा मकान भी बनाया था। छापा मारने वाल टीमों को जसविंदर सिंह दुआ और ए के खुल्लर के घर से कुछ चौंकाने वाले दस्तावेज भी मिले। आरोप है कि तत्कालीन प्रबंध निदेशक भूपेंद्र सिंह दुआ ने अपने भतीजे जसविंदर सिंह दुआ की उसी संगठन में अवैध नियुक्ति की। जसविंदर को जूनियर इंजीनियर पद पर अवैध रूप से नियुक्त किए जाने के बाद कई अनुचित पदोन्नति मिले और वह 15 साल में प्रबंध निदेशक पद तक पहुंच गए।

- छापेमारी के दौरान विभिन्न दस्तावेजों के अलावा 68 लाख रूपए मूल्य का सोना तथा करीब 10 लाख रूपए नकद बरामद

रोज वैली चिटफंड घोटाला

सीबीआई अधिकारी जांच के सिलसिले में सचिवालय पहुंचे

कोलकाता। करोड़ों रुपये के रोज वैली चिटफंड घोटाले में चल रही जांच के सिलसिले में सीबीआई अधिकारियों ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सचिवालय का दौरा किया। यह पहला मौका है जब रोज वैली घोटाले के सिलसिले में जांच एजेंसी के कर्मचारी राज्य सचिवालय पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई कर्मचारी सुबह सचिवालय पहुंचे और दो पत्र सौंपे। पहला पत्र मुख्य सचिव राजीव सिन्हा के लिये था और दूसरा पत्र भूमि विभाग के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के लिये था। जांच एजेंसी ने राज्य सरकार से कहा कि वह रोज वैली घोटाले से जुड़ी सभी फाइलें जमा कराए और भूमि विभाग के ओएसडी को 18 अक्टूबर को एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिये समन किया गया है। सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर कहा सीबीआई राज्य सरकार और रोज वैली समूह के बीच हुए भूमि सौदे के बारे में जानकारी चाहती है। सीबीआई सूत्रों ने कहा जांच के उद्देश्य से यह राज्य सचिवालय का नियमित दौरा था। उन्होंने राज्य सरकार से सहयोग की मांग की।

- राज्य सरकार से सहयोग की मांग की

प्रार्थना...

बोधगया में वियतनाम के बौद्ध श्रद्धालु बुधवार को महाबोधि मंदिर में बोधिवृक्ष के नीचे एक विशेष प्रार्थना के दौरान 'होली चिलर' ले जाते हुए ।

चीन ने उम्मीद जताई: सही से मतभेदों को संभालकर संबंध सुधार सकते हैं भारत, पाकिस्तान

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान उनके मित्रवत पड़ोसी हैं तथा उम्मीद है कि दोनों देश उचित तरीके से मतभेदों को संभालकर अपने खटास भरे संबंधों को सुधार सकते हैं। राष्ट्रपति शी चिनफिंग की पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दूसरी अनौपचारिक वार्ता के लिए हुई भारत यात्रा के निष्कर्षों पर चीन के आधिकारिक मीडिया को ब्रीफ करते हुए वांग ने भारत-पाक के तनावपूर्ण संबंधों के बीच मोदी-शी की मुलाकात के बारे में बात की। चेन्नई के मामल्लापुरम में 11-12 अक्टूबर को हुई शिखर वार्ता से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के साथ बीजिंग का दौरा किया था ।

कोयंबटूर बलात्कार और हत्या मामला

दोषी की मौत की सजा पर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई पूरी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2010 में कोयंबटूर में नाबालिग से सामूहिक बलात्कार और उसकी तथा उसके भाई की हत्या के घृणित अपराध में दोषी की मौत की सजा की पुष्टि करने संबंधी फैसले पर पुनर्विचार के लिये दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई पूरी कर ली। न्यायमूर्ति आर एफ नरिमन, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुये राज्य सरकार के वकील को एक सप्ताह के भीतर लिखित दलील दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को सुना। उन्होंने लिखित में विस्तृत दलील पेश की है जिन पर हम विचार करेंगे। राज्य की ओर से पेश अधिवक्ता योगेश कन्ना ने इस विस्तृत लिखित दलील का जवाब देने के लिये समय मांगा है। हम इसके लिये उन्हें एक सप्ताह का समय देते हैं। फैसला बाद में सुनायेंगे।

- राज्य सरकार के वकील को एक सप्ताह के भीतर लिखित दलील दाखिल करने का निर्देश

बाघ की खाल,हड्डियों के साथ दो भूटानी नागरिक गिरफ्तार

जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले से भूटान के दो नागरिकों को रॉयल बंगाल टाइगर (बाघ) की खाल और हड्डियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए लोगों में एक शाही भूटान सेना का पूर्व अधिकारी है। वन क्षेत्र अधिकारी संजय दत्ता ने बताया कि जिले के हासीमारा से उन्हें गिरफ्तार कर बाघ की 14 फुट लंबी खाल और 110 हड्डियां भी बरामद की गईं। उन्होंने कहा कि आरोपी यह खाल असम से लाए थे और उसे 32 लाख रुपए में बेचने के लिए काठमांडू ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि खाल पर गोली के निशान से प्रतीत होता है कि उसकी हत्या की गई होगी। दत्ता ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गिरोह में शामिल अन्य लोगों के नाम बताए।

सीबीएसई ने स्कूलों को अगले तीन वर्ष में जल सक्षम बनने को कहा

स्कूलों को जल से जुड़ी पुरानी सुविधाओं, उपकरणों को दुरूस्त बनाना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में अनेक क्षेत्रों में जल संकट गहराने के बीच केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने स्कूलों से अगले तीन वर्ष में अनिवार्य रूप से जल सक्षम बनने को कहा है और इस संबंध में जल प्रबंधन नीति लागू करने तथा नियमित रूप से जल आडिट कराने को कहा है । बोर्ड की ओर से तैयार जल संरक्षण दिशानिर्देश में कहा गया है कि स्कूलों को जल से जुड़ी पुरानी सुविधाओं, उपकरणों को दुरूस्त बनाना चाहिए तथा सेंसर युक्त आटोमेटिक नल, व्यवस्थित टैंक स्थापित करना चाहिए । इसके साथ ही नियमित रूप से लीकेज की जांच करानी चाहिए एवं उनके रखरखाव की ठोस व्यवस्था करनी चाहिए । सीबीएसई का यह दिशानिर्देश ऐसे समय में सामने आया है जब नीति आयोग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली, बेगलूरू, चेन्नई, हैदराबाद सहित 21 शहरों में 2020 तक भूजल की स्थिति काफी गंभीर हो जायेगी । बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि स्कूलों के लिये जल सक्षम बनने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। इसलिये स्कूलों के लिये जरूरी है कि वे अगले तीन वर्षो में जल सक्षम बने । उन्होंने कहा कि स्कूलों में प्रतिदिन काफी मात्रा में पानी की खपत होती है जो पीने के उद्देश्य के साथ कैंटीन, प्रयोगशाला, खेलों, मैदान, आदि में उपयोग में लाई जाती है। ऐसे में स्कूलो को जल संरक्षण के महत्व को समझने की जरूरत है। बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि जल सक्षम स्कूल 'संस्थागत जवाबदेही है, ऐसे में उन्हें स्कूल जल प्रबंधन समिति का भी गठन करना चाहिए जिसमें प्रशासक, शिक्षक, छात्र, कर्मचारी, अभिभावक और समुदाय के लोगों को भी जोड़ना चाहिए ।

खास बातें

- दिल्ली, बेगलूरू, चेन्नई, हैदराबाद सहित 21 शहरों में 2020 तक भूजल की स्थिति काफी गंभीर हो जायेगी
- स्कूलों के लिये जल सक्षम बनने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है



माध्यमिक स्तर पर लर्निंग आउटकम जारी करेगा एनसीईआरटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी अक्टूबर में 9वीं एवं दसवीं कक्षा की लर्निंग आउटकम रिपोर्ट, कला समन्वित पठन पाठन के स्तर को दर्शाने वाली रिपोर्ट तथा प्री स्कूल पाठ्यक्रम का ढांचा पेश करेगी । एनसीईआरटी के निदेशक ऋषिकेश सेनापति ने बताया हम इसी महीने तीन रिपोर्ट पेश कर रहे हैं जिसमें 9वीं एवं दसवीं कक्षा का लर्निंग आउटकम, आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग तथा प्री स्कूल पाठ्यक्रम शामिल है । उन्होंने बताया कि पहली से आठवीं कक्षा के लिये लर्निंग आउटकम रिपोर्ट पहले ही जारी की जा चुकी है और अब 9वीं एवं दसवीं कक्षा की लर्निंग आउटकम रिपोर्ट जारी की जायेगी । सेनापति ने बताया कि आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग के तहत, अलग अलग विषयों के साथ कला, संगीत, नृत्य, थियेटर को पठन पाठन में किस प्रकार से जोड़ा जा सकता है, इस पर ध्यान दिया है। विज्ञान, गणित पढ़ाते समय किस प्रकार से कला से जुड़े बोध एवं माध्यम का उपयोग किया जा सकता है, इस पर भी जोर दिया गया है।

कश्मीर से आने वाले सेबों पर लिखा 'आजादी'

जम्मू। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में फल विक्रेताओं द्वारा खरीदे गए कश्मीरी सेब के डिब्बों पर 'हमें चाहिए आजादी', 'मुझे बुरहान वानी पसंद है' और 'जाकिर मूसा वापस आओ' जैसे संदेश लिखे मिले, जिसके बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। फल विक्रेताओं ने बुधवार को कहा कि अगर सरकार कार्रवाई करने में विफल रहती है तो वह कश्मीरी सेब की खरीद का बहिष्कार करेंगे क्योंकि इन संदेशों की वजह से लोग इन्हें खरीदने से इनकार कर रहे हैं। फल विक्रेताओं ने यहां थोक बाजार से खरीदे गए सेब के डिब्बे खोले तो सेबों पर काली स्याही से ये संदेश लिखे मिले।

- पुलिस ने मामले में जांच शुरू की

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

[illegible]

आदेशानुसार
श्री अतुल कृष्ण अग्रवाल
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट
कमरा नं. 25, तीस हजारी कोर्ट,
नई दिल्ली
DP/8485/WD/19

चिंतन

राम जन्मभूमि मुद्दा हल होने की आस बढ़ी

अब वो समय महज चंद दिन दूर है, जिसका 134 सालों से इंतजार किया जा रहा था। अयोध्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संवैधानिक बेंच ने लगातार 40 दिनों तक सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह अपने आप में ऐतिहासिक है कि सुप्रीम कोर्ट के इतने दिनों तक लगातार किसी मामले की सुनवाई की हो। यह मुख्य न्यायाधीश का न्याय के प्रति समर्पण, दृढ़ इच्छाशक्ति ही है कि उन्होंने 18 नवंबर को अपनी सेवानिवृत्ति से पहले इस सैकड़ों वर्ष पुराने मामले को सुलझाना जरूरी समझा। अयोध्या विवाद पहली बार 1885 में कोर्ट में पहुंचा था। निर्मोही अखाड़ा 134 साल से जमीन पर मालिकाना हक मांग रहा है। अदालत में पेश किए गए तथ्यों के अनुसार बाबर इब्राहिम लोदी से जंग लड़ने 1526 में भारत आया था। उसका एक जनरल अयोध्या पहुंचा और उसने वहां मस्जिद बनाई। बाबर के सम्मान में इसे बाबरी मस्जिद नाम दिया गया। इस मुद्दे को लेकर 1853 में अवध के नवाब वाजिद अली शाह के समय पहली बार अयोध्या में साम्प्रदायिक हिंसा भड़की। हिंदू समुदाय ने कहा कि मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई। 1885 में फैजाबाद की जिला अदालत ने राम चबूतरे पर छतरी लगाने की महंत रघुबीर दास की अर्जी ठुकराई। तब से लेकर अब तक ये मामला केवल अदालतों में ही नहीं बल्कि सियासी भंवर में भी उलझा हुआ है। एक ओर भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू महासभा और संत समाज मंदिर बनाने के पक्षधर हैं तो दूसरी तरफ सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के साथ कुछ राजनीतिक दल इसे वोटबैंक की नजर से देख रहे हैं। इनमें कांग्रेस, सपा, बसपा व वामपंथी विचारधारा वाले दलों को भय है कि अगर विवादित स्थल पर मंदिर निर्माण हुआ तो इसका राजनीतिक लाभ भाजपा को मिलेगा। कौन भूल पाएगा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुस्लिम पक्ष के वकील कपिल सिब्बल के सुप्रीम कोर्ट में दिए उस वक्तव्य को, जिसमें उन्होंने कहा था कि अयोध्या मामले की सुनवाई लोकसभा चुनाव तक टाल देने चाहिए। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले के बाद पहुंचा था जिसमें विवादित 2.77 एकड़ जमीन को सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला विराजमान के बीच बराबर-बराबर बांटने का आदेश दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ 14 याचिकाएं दायर की गईं थीं। शीर्ष अदालत ने मई 2011 में हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के साथ विवादित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश तो दिया, लेकिन इस पर अपना कोई फैसला नहीं सुनाया। अब इन 14 अपीलों पर सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संवैधानिक बेंच जिसमें सीजेआई रंजन गोगोई के अलावा जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एसए नजीर शामिल हैं, ने सुनवाई पूरी करके फैसला सुरक्षित रख लिया है। फैसले के मद्देनजर उत्तरप्रदेश सरकार ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। अयोध्या में जहां 10 दिसंबर तक धारा 144 लागू है वहीं राज्य सरकार ने सभी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की छुट्टियां 30 नवंबर तक रद कर दी हैं। तय है कि यह फैसला मुख्य न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति से पहले सुना दिया जाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट का यह सुप्रीम फैसला सभी पक्षों को मान्य होगा और सदियों से चले आ रहे विवाद का अंत हो जाएगा।

सीडीएस व्यवस्था कारगर

उम्मीद
डॉ. एल एस यादव

सीडीएस की नई व्यवस्था में तीनों सेनाओं की युद्ध क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी करेगी, इनमें बेहतर तालमेल होगा। आधुनिकीकरण और नए अस्त्र-शस्त्र हासिल करने की भविष्य की रूपरेखा तीनों सेनाओं की संयुक्त सामरिक ताकत में और अधिक गुणात्मक बेहतरी लाएगा। तीनों सेनाओं की संयुक्त कमान होने से हमारी न्यूक्लियर कमान को दीर्घकालीन सामरिकी में फायदा होगा। नई व्यवस्था दुश्मनों के लिए अधिक भय उत्पन्न करेगी।

सशस्त्र सेनाओं के प्रमुखों की समिति अर्थात सीओएससी के नए अध्यक्ष के रुप में सेना प्रमुख जनरल विपिन कुमार रावत ने 27 सितम्बर को कार्यभार संभाल लिया। यह जिम्मेदारी उन्हें मौजूदा वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीरेन्द्र सिंह धनोवा द्वारा सौंपी गई। विदित हो कि वीरेन्द्र सिंह धनोवा को सितंबर के अन्त में वायुसेना प्रमुख एवं सीओएससी के पद से सेवानिवृत्त होना था। सूचना के मुताबिक सेना प्रमुखों के बीच सीओएससी की बैटन का आदान प्रदान किया गया। इससे पहले एयर चीफ मार्शल धनोवा ने 29 मई को नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा से इस कमेटी के अध्यक्ष का प्रभार संभाला था। इस समारोह के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल करमवीर सिंह भी वहां मौजूद थे।

सीओएससी तीनों सेनाओं के बीच समन्वय स्थापित करने का बेहद महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है। विदित हो कि यह कमेटी तीनों सेनाओं से संबंधित सभी बड़े फैसले लेती है जिसकी अध्यक्षता तीनो सेना प्रमुखों में सबसे वरिष्ठ अधिकारी करता है। चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन के पास तीनो सेनाओं के बीच तालमेल सुनिश्चित करने और देश के सामने मौजूद बाहरी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वय एवं साझा रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी होती हैं।

उल्लेखनीय है कि इसी साल 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से बोलते हुए कहा था कि शीघ्र ही चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा था कि हमारे देश में सैन्य व्यवस्था, सैन्य शक्ति एवं सैन्य संसाधनों में सुधार के लिए एक लंबे अर्से से चर्चा चल रही है। आज दुनिया जिस तरीके से बदल रही है, ऐसे में भारत को टुकड़ों में सोचने से काम नहीं चलेगा। हमारी पूरी सैन्य शक्ति को एक मुक्त होकर एक साथ आगे बढ़कर काम करना होगा। इसलिए हम सीडीएस की व्यवस्था करेंगे। इस पद के गठन के बाद तीनों सेनाओं के शीर्ष स्तर पर एक प्रभावी नेतृत्व मिलेगा। उन्होंने कहा था कि तेजी से बदलती तकनीक और समय के साथ युद्ध के तरीके भी बदल रहे है। अब अगर कहीं भी युद्ध हुआ तो यह पहले की तुलना में काफी भयानक होगा। इससे निपटने के लिए तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल जरूरी हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1962 एवं 1965 की लड़ाई के दौरान सेनाओं में तालमेल का अभाव दिखा था। यही स्थिति 1999 के कारगिल संघर्ष में रही थी। तब कारगिल संघर्ष के बाद पहली बार एक समिति गठित की गई थी जिसने सुरक्षा में खामियों की जांच के बाद अपनी सिफारिशों में इस पद के गठन की बात कही थी। यही नहीं कारगिल संघर्ष के बाद तत्कालीन गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी की अध्यक्षता में बने मंत्रियों के समूह ने भी सीडीएस बनाए जाने की सिफारिश की थी। तब इसे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने स्वीकार भी कर लिया था, लेकिन असहमतियों के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका था। 2012 में रक्षा क्षेत्र में सुधारों पर बनी नरेश चन्द्रा कमेटी ने भी चार स्टार

जनरल को सीडीएस बनाने की सिफारिश करते हुए कहा था कि तीनों सेनाओं के बीच समन्वय के लिए यह जरूरी है। यूपीए सरकार के समय इसके गठन की पहल शुरू हुई परन्तु सिरे नहीं चढ़ सकी। इसी तरह एनडीए सरकार के पहले कार्यकाल में भी दो-तीन मौकों पर इसकी गंभीर पहल हुई, लेकिन तब भी बात आगे नहीं बढ़ सकी थी।

प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद केंद्र सरकार ने सीडीएस की नियुक्ति की दिशा में कदम बढ़ाए और तीनों सेनाओं से राय मांग ली। नए पद की रूपरेखा तैयार करने के लिए रक्षा मंत्रालय और तीनों सेनाओं के अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय समिति भी बनाई गई। सीडीएस से जुड़ी पूरी व्यवस्था तैयार करने का काम राष्ट्रीय सुरक्षा परिशद के परामर्श एवं रक्षा मत्रालय के सहयोग से किया जाता हैं। सीडीएस की भूमिका और कार्यकाल जैसे बिंदुओं पर निर्णय के बाद इस दिशा में कदम बढ़ा। सीडीएस सेनाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने, रक्षा खर्च को सुव्यवस्थित करने व प्रशिक्षण में सुधार करेगा। सीडीएस सीधे रक्षा मंत्री सुरक्षा पर कैबिनेट समिति को सलाह देगा।

सीडीएस की नियुक्ति पर सरकार का यह फैसला इंटीग्रेटेड थियेटर कमान की स्थापना का संकेत माना जा रहा है। रक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों का मानना है कि इस तरह की कमान बनाई जानी चाहिए। इस कमान में तीनों सेनाओं के जवानों और अन्य व्यवस्थाओं को जगह दी जाएगी। इसका नियंत्रण भी एक सैन्य अधिकारी के हाथ में रहेगा। अमेरिका जैसे कई पश्चिमी देशों में ऐसी कमान स्थापित हैं। भारत में इस तरह की कम से कम दो कमान बनाने की बात चल रही है। इनमें से एक कमान पश्चिम में पाकिस्तान से आने वाले खतरों से निपटने के लिए तथा दूसरी कमान पूर्व में चीन से निपटने के लिए होगी। सीडीएस और इंटीग्रेटेड थियेटर कमान का बनना सैन्य सुधारों की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा।

सभी बड़े देशों, विशेषकर परमाणु शक्ति संपंन देशों में सीडीएस जैसा पद है। अमेरिका में चेयरमैन ऑफ द ज्वाइंट चीफस ऑफ स्टाफ की नियुक्ति होती है। ब्रिटेन में सीडीएस के साथ-साथ परमानेंट सेक्रेटरी का भी पद है। परमानेंट सेक्रेटरी की भूमिका रक्षा मामलों में प्रधान नागरिक सलाहकार की होती है। इसके अलावा रक्षा क्षेत्र में नीति निर्धारण, वित्तीय प्रबन्धन व योजनाओं में भी इसकी भूमिका रहती है। यही नहीं कनाडा, फ्रांस, स्पेन व इटली जैसे देशों में सीडीएस का पद है।

सीडीएस सामरिक रणनीति में गुणात्मक बदलाव के साथ ही सैन्य आधुनिकीकरण में बड़ी छलांग लगाएगा। सीडीएस की नई व्यवस्था में तीनों सेनाओं की एकीकृत संयुक्त थियेटर कमान दुश्मनों के लिए चिंता का सबब बनेगी। नवीनतम तकनीक आधारित हाइटेक हथियारों के दौर में थियेटर कमान और स्पेस कमान में सीडीएस की नई व्यवस्था में तीनों सेनाओं की युद्ध क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी करेगी। सैन्य आधुनिकीकरण और नए अस्त्र-शस्त्र हासिल करने की भविष्य की रूपरेखा तीनों सेनाओं की संयुक्त सामरिक ताकत में और अधिक गुणात्मक बेहतरी लाएगा।

एकीकृत संयुक्त थियेटर कमान में तीनों सेनाओं के आने से ऑपरेशन के दौरान रणनीतिक और सामरिक समन्वय ज्यादा प्रभावी होगा। इससे तीनों सेनाओं की रणनीतिक दृष्टि और क्षमता दोनों बढ़ेंगी। इससे सैन्य बलों में नेतृत्व की दुविधा नहीं रहेगी और उनका मनोबल उंचा रहेगा। तीनों सेनाओं की संयुक्त कमान होने से हमारी न्यूक्लिअर कमान और स्ट्रैटजिक कमान को दीर्घकालीन सामरिकी में फायदा होगा। इस तरह सीडीएस की नई व्यवस्था दुश्मनों के लिए अधिक भय उत्पन्न करेगी।

सारा संसार



हिमाचल में एक ऐसी जगह है जहां जाकर आप जन्नत जैसा महसूस करेंगे। हिमाचल के इस नगीने का नाम है 'नारकंडा'। नारकंडा हिल स्टेशन को प्रकृति का उपहार कहा जाना चाहिए। यहां की सुंदरता का इन्द्रधनुषी रंग किसी को भी मोह लेता है। देश-विदेश से लोग यहां की वादियों का आनंद उठाने के लिए आते हैं। लेकिन लोग सिर्फ कुल्लू, मनाली, शिमला, धर्मशाला, स्पीति वैली और तीर्थन वैली तक ही जाते हैं।

सफलता की निशानी आनंद में डूबे रहना

संकलित
दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफल होना चाहता है, लेकिन वह जानता भी नहीं कि सफलता क्या है? सफलता के लक्षण क्या हैं? सफलता की निशानी आनंद में डूबे रहना है। है ना! वह है विश्वास, करुणा, उदारता और एक ऐसी मुस्कान, जो कोई भी तुमसे छीन न सके, सच्चे दिल से प्रसन्न रहना और खुद को और अधिक मुक्त रखने के लिए सक्षम होना- ये एक सफल व्यक्ति के लक्षण हैं। कुछ समय निकालकर स्वयं में थोड़ी गहराई से झांक कर देखो और मन को शांत करो। इस प्रकार अपने मन से अपनी सभी पुरानी छापों को मिटा कर हम दिव्य उपस्थिति का अनुभव कर सकते हैं, उस परमात्मा का अनुभव कर सकते हैं, जो हमारे अस्तित्व के केंद्र में निहित है। यही उपस्थिति की अनुभूति करना है।क्या केवल बहुत सारा पैसा होना सफलता है? तुम्हें ऐसा क्यों लगता है कि पैसा होना ही सफल होना है? ऐसा इसलिए, क्योंकि पैसा, जो कुछ आप करना चाहते हो, आपको उसे करने की आजादी देता है। तुम्हारे पास एक बड़ा बैंक बैलेंस होने के बावजूद आपको बीमारियां हो सकती हैं। हम धन पाने के लिए अपना आधा स्वास्थ्य खर्च कर देते हैं और फिर वापस स्वास्थ्य पाने के लिये आधा धन खर्च कर देते हैं। यह कैसी विडंबना है? क्या यह सफलता है? यह अच्छा गणित नहीं है। उन सभी को देखो, जो सफल होने का दावा करते हैं। क्या वे सफल हैं? नहीं, वे दुखी हैं। फिर, सफलता की निशानी क्या है?

अशांत मन में कभी भी शांति नहीं



संकलित
प्रेरणा

हम संसार के किसी भी तीरथ में चले जायें यदि हमारे मन में अशांति है तो किसी भी तीरथ में शांति नहीं मिल पायेगी क्योंकि हम अशांति की अपनी पूंजी साथ-साथ लेकर जायेंगे। यदि हमने अपने मन में स्वार्थ से भरे विचार भर रखे हैं तो जीवन नरक के समान है। मृत्यु का आगमन अघोषित है। मृत्यु कभी भी बाल, युवा तथा वृद्धावस्था में किसी भी क्षण आ सकती है। प्रभु हमें एक-एक क्षण करके देता-लेता है। प्राणी जब एक सांस ले लेता है तभी दूसरी सांस देता है इसलिए रोजाना हमें सोने के पूर्व अपने दिनभर के कर्मों का लेखा-जोखा कर लेना चाहिए। हमें रोजाना प्रातः उठते ही एक नया तथा भरपूर ऊर्जा से भरा दिन देने के लिए ईश्वर को हार्दिक धन्यवाद देना चाहिए और रात्रि में सोने के पूर्व सभी से क्षमा प्रार्थना करके धरती माता की गोद में सोने की अनुभूति करना चाहिए। इस प्रकार हमारे द्वारा रोजाना अभ्यास करने से जन्म तथा मृत्यु से अच्छी पहचान हो जायेगी। बहाई धर्म के पवित्र लेखों के अनुसार मृत्यु प्रसन्नता का सन्देशवाहक है। जब एक व्यक्ति मर जाता है तो वह अपने सृजनहार के पास वापिस लौट जाता है तथा उसका अपने प्यारे प्रभु से पुनर्मिलन हो जाता है। मृत्यु के पश्चात इंसान की आत्मा इस संसार के दुःखों से आजाद होकर जैसा कि बहाई मानते हैं कि ईश्वर के सुन्दर साम्राज्य में चली जाती है।

व्यंग्य

अंशुमाली रस्तोगी

लाइक

खबर है, फेसबुक अब किसी के भी लाइक किसी को नहीं दिखाएगा। ऐसा उसने लाइक के प्रति लोगों में बढ़ती दीवानगी के चलते किया है। सोशल मीडिया पर कुछ लोग इसके समर्थन में हैं तो कुछ विरोध में। विरोध करने वालों का तबका बड़ा है। जाहिर है, बड़ा होगा ही। कुछ लोगों की तो दुकानदारी ही लाइक्स पर टिकी है। जितने ज्यादा लाइक, उतनी ही आत्मसंतुष्टि। लाइक का भी अपना बाजार है। लाइक के भी अपने खरीददार हैं। जिसके पेज पर लाइक की भरमार रहती है, उसकी सोशल मीडिया के संसार में तूती बोलती है। एक तरह से वो फेसबुक का शहंशाह है। कुछ ऐसे भी महापुरुष हैं यहां जिनके खांस-खंखार भर देने से ही हजार लाइक यों ही टपक पड़ते हैं। केवल बुखार ही लिख दें तो एक से एक नायाब नुस्खे उनके लिए तैयार रहते हैं लाइक के साथ। आस-पड़ोस की दीवारों से फांदकर भी लोग इलाज बताने आ जाते हैं। फेसबुक की पूरी कायनात ही लाइक पर टिकी है। अगर इसे वो अन्य को दिखाना बंद कर देगा तो जाने कितने लोग अवसाद में चले जाएंगे। कितने तो दो वक्त का खाना ही छोड़ देंगे। कितनों को ठीक से नींद नहीं आएगी। जरा सोचिए उनका क्या होगा, जो रात-दिन अपने खाने और पकाने ही तस्वीरें ही फेसबुक पर शेयर करते रहते हैं। आज किस होटल में बैठकर क्या खा रहे हैं, किस बार में बैठकर क्या पी रहे हैं, कहां के ढाबे खाना कैसा था। फिर वो परियां कहां जाएंगी, जिनकी सुबह ही बतख समान सेल्फी पोस्ट करने से होती है। दिनभर में भिन्न-भिन्न एंगल से कितनी ही सेल्फियां ले यहां डालती रहती हैं। एक-एक सेल्फी पर हजार-हजार लाइक पाती हैं। खाली समय में टिक-टॉक पर बनाए गए वीडियो तो फिर बेकार ही चले जाएंगे। फेसबुक समझ नहीं रहा है, अगर लाइक नहीं दिखेंगे तो लोगों की जिंदगी में सूनापन बेइंतहा बढ़ जाएगा। जल बिन मछली समान हो जाएंगे। हाल यह है कि अभी ही लोग अपनी पोस्ट पर कम या न के बराबर लाइक पाकर डिप्रेशन में चले जाते हैं, जब किसी को यह दिखेंगे ही नहीं तब क्या हाल होगा। बिना लाइक के तो चार लोगों के साथ बैठने में भी अगले को शर्म आएगी। तब तो फेसबुक पर होना न होने के बराबर ही रह जाएगा। चुनावों में क्या होगा, कैसे लाइक खरीदे जाएंगे। कैसे नेता खुद को सोशल मीडिया का सबसे आकर्षक चेहरा बताएगा। लाइक वोट में कैसे तब्दील हो पाएंगे। आज के समय में यह मायने नहीं रखता कि हाइस्कूल, इंटर या ग्रेजुएशन में अपनी परसेंटेज क्या थी, मायने यह रखता है कि फलां पोस्ट पर आपको लाइक कितने मिले। मैं तो उन लोगों के प्रति बहुत चिंतित-सा हो गया हूं, जिनकी फेसबुक की दुकान ही लाइक के दम पर चला करती है। वो यहां हैं ही सिर्फ लाइक पाने के लिए। पोस्ट करने के दो-चार मिनट में अगर उन्हें लाइक न मिलें तो बेचैन से हो जाते हैं। धरती-आकाश एक कर डालते हैं। मेरी राय में फेसबुक को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। हजारों-लाखों लोगों को अवसाद में जाने से बचाना चाहिए। लाइक ही छिप जाएंगे तो फेसबुक भला फिर किस काम का रह जाएगा।

अंतर्मन

आज की पाती

अनिवार्य हो स्वच्छता

स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। स्वच्छ वातावरण में ही स्वच्छ तन और मन का विकास होता है। स्वच्छता का स्वरूप केवल हमारे घर तक सीमित न रहकर संगठन के रूप में पूरे समाज में विस्तृत होना चाहिए। प्रारंभ से ही स्कूल, कॉलेजों में स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों या व्याख्यानों का आयोजन होना चाहिए। जिससे प्रारंभिक जीवन से ही व्यक्तियों में स्वच्छता संबंधी विचार विद्यमान रहे।

अमित कुमार, गरियाबंद

ट्रेंड

370 हटाना जरूरी था

370 का उपयोग करके पाक ने कश्मीर के युवाओं के मन में अलगाववाद, आतंकवाद और आजादी की भ्रांति पैदा की। 35ए ने कश्मीर के विकास को रोका। 370 ने देश की सुरक्षा को तार-तार किया था। इन दोनों को एक साथ हटाना जरूरी था।

-अमित शाह

दादा को बधाई

बीसीसीआई का चेयरमैन बनने पर दादा सौरव गांगुली को बहुत-बहुत बधाई। मुझे यकीन है कि आप हमेशा की तरह भारतीय क्रिकेट की सेवा करते रहेंगे। आपके साथ आपकी नई टीम को शुभकामनाएं जो कार्यभार संभालेगी।

-सचिन तेंदुलकर

गिलोय डेंगू में उपयोगी

डेंगू के दौरान जिनकी प्लेटलेट्स कम हो जाती हैं उन्हें गेहूं के ज्वारे का रस, एलोवेरा का रस और गिलोय के रस को पिलाएं। इसके अलावा आप 1-2 पपीते के पत्तों का रस पिलाएं। अमृता अर्थात गिलोय डेंगू में रामबाण की तरह कार्य करती है।

-बाबा रामदेव

बहुत मजा आया



आज से ठीक 21 साल पहले फिल्म बड़े मियां, छोटे मियां के एक गाने की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन और गोविंदा के साथ काम करते हुए जो आंनद आया था, वो मुझे आज भी याद है। अच्छे नर्तकों के साथ काम को कौन भूल सकता है।

-माधुरी दीक्षित

करंट अफेयर

अमेरिकी सदन ने 'लोकतंत्र अधिनियम' पारित किया



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों की मांग वाले एक विधेयक को पारित कर दिया, जिसका उद्देश्य उस अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र में नागरिक अधिकारों की रक्षा करना है। इस कदम पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। 'हांगकांग मानवाधिकार एवं लोकतंत्र अधिनियम' को अब सीनेट में पेश किया जाएगा, जहां से पारित होने के बाद यह कानून बन जाएगा। विधेयक को कांग्रेस में द्विदलीय समर्थन मिला जो दुर्लभ बात है। यह कानून हांगकांग-अमेरिका के विशेष व्यापारिक दर्जे को समाप्त कर देगा जब तक कि विदेश विभाग सालाना यह प्रमाणित नहीं कर देता कि शहर के अधिकारी मानवाधिकारों और कानून व्यवस्था का सम्मान कर रहे हैं। इस विधेयक में अमेरिकी राष्ट्रपति को उन लोगों की पहचान करने और उन पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देने का प्रावधान किया गया है जो हांगकांग में स्वायत्तता और मानवाधिकारों के गंभीर हनन के लिए जिम्मेदार हैं। मंगलवार को सदन के पटल पर विधेयक पेश करने वाले इसके प्रमुख प्रस्तावक रिपब्लिकन सांसद क्रिस स्मिथ ने कहा, आज हम चीनी राष्ट्रपति और हांगकांग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैरी लाम से आग्रह कर रहे हैं कि वह ईमानदारी से सरकार के इन वादों का सम्मान करें कि हांगकांग के अधिकारों और स्वायत्तता की रक्षा होगी।

ऑफ बीट

ये है दुनिया की सबसे खूबसूरत बच्ची



रूस में 6 साल की एक मासूम बच्ची को दुनिया की सबसे सुंदर बच्ची करार दिया गया है। महज चार साल की उम्र से मॉडलिंग करने वाली इस बच्ची का नाम यलीना यकूपोवा है जो सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रिय हो रही है। विश्व सुंदरी और ब्रह्मांड सुंदरी के लिए होने वाली प्रतियोगिता के बारे में तो आपने सुना और देखा भी होगा जहां दुनिया की किसी एक महिला को हर साल दुनिया में सबसे सुंदर और बुद्धिमान होने का तमगा मिलता है। इस बच्ची की तस्वीर देखकर आप उससे अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे। शायद यही कारण है कि इस प्यारी सी बच्ची को सोशल मीडिया पर दुनिया भर के लोग नन्ही राजकुमारी बता रहे हैं। यलीना की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि महज 6 साल की इस बच्ची के इंस्टाग्राम पर 21 हजार से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। महज 6 साल की यलीना दुनिया की कई नामी फैशन कंपनियां और अभियानों का हिस्सा रही हैं। वो मोनालिसा किड्स और ग्लेरिया जिंस जैसे चर्चित ब्रांड के लिए विज्ञापन भी कर चुकी हैं। विज्ञापन में अपनी मोहक मुस्कान से यह छोटी सी बच्ची सबका दिल जीत लेती है। यलीना की फैन फॉलोइंग सिर्फ रूस में ही नहीं बल्कि जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन समेत पूरी दुनिया में है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

अयोध्या मामले में सुनवाई के अंतिम दिन खूब चले दांव पेंच

भरी अदालत में वकील धवन को आया गुस्सा फाड़ डाला पूर्व आईपीएस की किताब का पन्ना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि या बाबरी मस्जिद के मामले पर आखिरी सुनवाई पूरी हो गई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अब इस मामले पर 17 नवंबर से पहले कभी भी फैसला सुनाया जा सकता है। सुनवाई के अंतिम दिन इस केस में जोरदार बहस देखने को मिली और खूब ड्रामा भी हुआ।

दरअसल बुधवार को जब सुनवाई के दौरान हिन्दू महासभा की ओर से वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने दलीलें देनी शुरू की तो मुस्लिम पक्ष के वकील राजीव धवन के साथ उनकी तीखी बहस हुई। कोर्ट की कार्यवाही के दौरान विकास सिंह ने एक किताब पेश की जिसमें जन्मस्थान का कथित नक्शा दिखाया गया था। मुस्लिम पक्ष के वकील राजीव धवन इस पर भड़क गए और उन्होंने इसे गुस्से में सीजेआई के सामने ही फाड़ दिया।

दरअसल हिंदू महासभा के वकील विकास सिंह ने बिहार के पूर्व आइपीएस अधिकारी रहे किशोर कुणाल की किताब का हवाला देते हुए कहा कि हम अयोध्या रीविजिट किताब कोर्ट के सामने रखना चाहते हैं जिसे रिटायर आईपीएस किशोर कुणाल ने लिखा है। इसमें राम मंदिर के पहले के अस्तित्व के बारे में लिखा है। किताब में हंस बेकर का कोट है। चैप्टर 24 में लिखा है कि जन्मस्थान के वायु कोण में रसोई थी। जन्मस्थान के दक्षिणी भाग में कुआं था। बैकर के किताब के हिसाब से जन्मस्थान ठीक बीच में था। वकील सिंह ने कोर्ट को किशोर कुणाल की किताब में संलग्न नक्शा दिखाया, लेकिन मुस्लिम पक्ष के वकील रीजव धवन को ये नागवार गुजरा और उन्होंने कोर्ट के भीतर ही नक्शे के पांच टुकड़े कर दिए। बता दें कि ये किताब 2016 में प्रकाशित की गई थी। इस किताब में लिखा गया है कि अयोध्या स्थित राम मंदिर को 1528 में मीर बाकी ने ध्वस्त नहीं किया था. बल्कि इसे 1660 में औरंगजेब के रिश्तेदार फिदाई खान ने तोड़ा था। किशोर कुणाल लिखित इस किताब में दावा किया गया है कि 6 दिसंबर 1992 को जिस विवादित ढांचे को तोड़ा गया था, वो बाबरी मस्जिद नहीं थी। किताब के मुताबिक इस बात के पर्याप्त सूबत हैं कि यहां पर राम मंदिर विराजमान था। किताब में कहा गया है कि बुकानन के रिकॉर्ड्स के मुताबिक औरंगजेब के शासनकाल में अयोध्या, काशी और मथुरा के मंदिर तोड़े गए थे। इस किताब में कहा गया है कि बाबर एक उदार शासक था और विवादित बाबरी मस्जिद के निर्माण में उसका कोई रोल नहीं था। इस किताब में कहा गया है कि अयोध्या में मात्र एक सबूत था जिससे साबित होता था कि इस मंदिर को बाबर से निर्देश के बाद मीर बाकी ने तोड़ा था। ये सबूत था दो शिलालेख। किताब में कहा गया है कि मीर बाकी से जुड़ा ये सूबत झूठा है।

मुस्लिम एक्टर ने कहा-मुस्लिम नेताओं को सुप्रीम कोर्ट से मामला वापस ले लेना चाहिए

जहां एक तरफ राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद भूमि के विवाद पूरे देश की निगाहें सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिकी हैं, वहीं दूसरी ओर बॉलीवुड एक्टर का राम मंदिर पर ट्वीट वायरल हो रहा है। यह ट्वीट किसी राजनेता या किसी पुजारी या मौलवी का नहीं बल्कि एक मुस्लिम बॉलीवुड एक्टर का है। बॉलीवुड एक्टर और प्रोड्यूसर कमाल आर खान ने राम जन्मभूमि को लेकर अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि एक राम मंदिर पूरे भारत में शांति और सद्भाव ला सकता है तो मुस्लिम नेताओं को सुप्रीम कोर्ट से मामला वापस ले लेना चाहिए और सरकार को तुरंत मंदिर बनाने की अनुमति देनी चाहिए। मैं ऐसा सोचता हूं।

किशोर कुणाल ने कहा-धवन इंटेलेक्चुअल हैं

नक्शा फाड़े जाने पर उसके लेखक कुणाल किशोर का बयान भी आ गया है। उन्होंने कहा कि धवन इंटेलेक्चुअल हैं। वह जानते हैं कि अगर नक्शा कोर्ट के सामने पेश होता तो उनका केस न के बराबर रह जाता। अगर धवन को दिक्कत थी तो उन्हें दिए गए वक्त में उसपर बात करनी चाहिए थी। बहरहाल बुधवार को देश के दशकों पुराने राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद के अयोध्या जमीन विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को ऐतिहासिक बहस पूरी हो गई। 40 दिनों तक चली इस सुनवाई के बाद संविधान पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और सभी पक्षों से कहा कि वे मोल्डिंग ऑफ़ रिलीफ पर 3 दिनों में कोर्ट को लिखित जवाब दें।

आज होगी जजों की बैठक

अयोध्या की विवादित भूमि को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 6 अगस्त से चल रही सुनवाई बुधवार को पूरी हो गई है। अब सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ गुरुवार को फिर से एकत्रित होगी. सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि पांच जजों की ये बेंच गुरुवार को चेंबर में बैठेगी। बंद दरवाजे के पीछे होने वाली इस बैठक में सुप्रीम कोर्ट मध्यस्थता पैनल की रिपोर्ट को लेकर आगे के रास्ते पर विचार करेंगे. वहीं कोर्ट सुन्नी वक्फ बोर्ड के दावा वापस लेने पर भी सुप्रीम कोर्ट चर्चा कर सकता है। इस बैठक में जज इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि क्या मध्यस्थता पैनल की रिपोर्ट की सामग्री सार्वजनिक करने की जरूरत है या नहीं।

जो भी फैसला आएगा हमें मंजूर है, हम दोबारा अपील नहीं करेंगे : इकबाल अंसारी

अयोध्या। राम जन्मभूमि पर और बाबरी मस्जिद के अयोध्या जमीन विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सबको बेसब्री से इंतजार है. मामले की सुनवाई पूरी होने पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। वहीं मुस्लिम पक्षकार इकबाल अंसारी ने इसपर बयान देते हुए कहा कि फैसले की घड़ी आ गई है कोर्ट जो भी फैसला करेगी, वह हमें स्वीकार है. आगे उन्होंने कहा कि फैसला जो भी हो उम्मीद है उसके बाद अयोध्या तरक्की करेगा। पिछले 70 सालों से इस पर सियासत हो रही थी। कम से कम अब सियासत नहीं बल्कि विकास होगा।

महंत धर्मदास बोले- सुनवाई पूरी होने से खुश हूं, फैसला हमारे हक में आएगा



सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई पूरी होने के बाद निर्वाणी अखाड़ा के महंत धर्मदास ने खुशी जताई. उन्होंने कहा कि फैसला हमारे हक में ही आएगा। उधर, अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के वकील बरूण सिन्हा ने कहा कि न्याय पर सबको भरोसा है उम्मीद की हमारे हक में फैसला आएगा। इसके बाद महंत धर्मदास के वकील वीरेंद्र चौबे ने कहा कि फैसला रामलला विराजमान के हक में आएगा, क्योंकि रामलला एक न्यायिक व्यक्ति है. इधर, हिंदू महासभा के वकील विष्णू शंकर जैन ने कहा कि 40 दिनों तक मैराथन सुनवाई चली अब सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का इंतजार है। उन्होंने कहा कि हमने दलील अपने मेरिट पर रखी है और मुस्लिम पक्ष के वकील के पास कोई मेरिट नहीं था, इसलिए उन्होंने फ्रस्ट्रेशन में आकर नक्शा फाड़ दिया।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने से पहले साक्षी महाराज की भविष्यवाणी, 6 दिसंबर से शुरू होगा राम मंदिर का निर्माण



उन्नाव। भाजपा नेता और उन्नाव से सांसद साक्षी महाराज ने घोषणा की है कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण छह दिसंबर से शुरू हो जाएगा। संयोग से छह दिसंबर वह तारीख है, जब 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया था। इसके साथ ही साक्षी महाराज ने कहा कि सारे विश्व की और हिंदुस्तान के सभी धर्माचार्यों की निगाहें और मैं तो कहूंगा कि देवी-देवताओं की भी निगाहें माननीय सुप्रीम कोर्ट के ऊपर थीं। उन्होंने कहा कि शिया वक्फ बोर्ड ने पहले ही कह दिया था। सुन्नी वक्फ बोर्ड ने भी जो फैसला लिया है, इसके लिए सभी मुस्लिम भाइयों का धन्यवाद करता हूं।

बीजेपी नेता उमा भारती ने कहा- बाबर की मानसिकता वाले आज भी मौजूद

अयोध्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है. लोगों की नजरें अब बस सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर है. लेकिन उससे पहले बयानबाजी भी शुरू हो गई है. पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की नेता उमा भारती ने बाबरी मस्जिद का पक्ष रखने वाले वकील पर बयान दिया है. उन्होंने वकील की हरकतों की निंदा की है और कहा कि आज भी देश के अंदर बाबर की मानसिकता वाले मौजूद हैं।

जानें, कब और कैसे शुरू हुआ अयोध्या विवाद

1853 में इस जगह के आसपास पहली बार दंगे हुए। 1859 में अंग्रेजी प्रशासन ने विवादित जगह के आसपास बाड़ लगा दी। मुसलमानों को ढांचे के अंदर और हिंदुओं को बाहर चबूतरे पर पूजा करने की इजाजत दी गई। फरवरी 1885 में महंत रघुबर दास ने फैजाबाद के उप-जज के सामने याचिका दायर की कि यहां मंदिर बनाने की इजाजत दी जाए। जज पंडित हरिकृष्ण ने यह कहकर इसे खारिज कर दिया कि यह चबूतरा पहले से मौजूद मस्जिद के इतना करीब है कि इस पर मंदिर बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। असली विवाद शुरू हुआ 23 दिसंबर 1949 को, जब भगवान राम की मूर्तियां मस्जिद में पाई गईं। हिंदुओं का कहना था कि भगवान राम प्रकट हुए हैं, जबकि मुसलमानों ने आरोप लगाया कि किसी ने रात में चुपचाप मूर्तियां वहां रख दीं। उस वक्त के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री जी. बी. पंत से इस मामले में फौरन कार्रवाई करने को कहा। यूपी सरकार ने मूर्तियां हटाने का आदेश दिया लेकिन जिला मैजिस्ट्रेट के. के. नायर ने दंगों और हिंदुओं की भावनाओं के भड़कने के डर से इस आदेश को पूरा करने में असमर्थता जताई। हालांकि नायर के बारे में माना जाता है कि वह कट्टर हिंदू थे और मूर्तियां रखवाने में उनकी पत्नी शकुंतला नायर का भी रोल था। बहरहाल, सरकार ने इसे विवादित ढांचा मानकर ताला लगवा दिया। 16 जनवरी 1950 को गोपाल सिंह विशारद नामक शख्स ने फैजाबाद के सिविल जज के सामने अर्जी दाखिल कर यहां पूजा की इजाजत मांगी। उस वक्त के सिविल जज एन. एन. चंदा ने इजाजत दे दी। मुसलमानों ने इस फैसले के खिलाफ अर्जी दायर की। विवादित ढांचे की जगह मंदिर बनाने के लिए 1984 में विश्व हिंदू परिषद ने एक कमिटी गठित की। यू. सी. पांडे की याचिका पर फैजाबाद के जिला जज के. एम. पांडे ने 1 फरवरी 1986 को हिंदुओं को पूजा करने की इजाजत देते हुए ढांचे पर से ताला हटाने का आदेश दिया। इसके विरोध में बाबरी मस्जिद संघर्ष समिति का गठन किया गया। 06 दिसंबर 1992 को बीजेपी, वीएचपी और शिवसेना समेत दूसरे हिंदू संगठनों के लाखों कार्यकर्ताओं ने विवादित ढांचे को गिरा दिया। देश भर में हिंदू-मुसलमानों के बीच दंगे भड़के गए, जिनमें करीब 2,000 लोग मारे गए।

राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने पूछा

मुख्यमंत्री जीत को लेकर आश्वस्त हैं, तो कई वरिष्ठ नेता यहां प्रचार क्यों कर रहे हैं

एजेंसी ▶▶ ठाणे

- हिंदुत्व विचारक वी. डी. सावरकर के लिए भारत रत्न सम्मान की भाजपा की मांग को सुप्रिया ने चुनावी नौटंकी बताया

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस अगर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं तो केन्द्रीय मंत्री और देश भर के वरिष्ठ भाजपा नेता महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार क्यों कर रहे हैं। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण शहर में राकांपा उम्मीदवार प्रकाश तारे की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सुप्रिया ने हिंदुत्व विचारक वी. डी. सावरकर के लिए भारत रत्न सम्मान की भाजपा की मांग को चुनावी नौटंकी भी बताया। राज्य में भाजपा के लिए कई रैलियां कर रहे गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए सुले ने कहा कि वह अगस्त में कोल्हापुर, सतारा और सांगली क्यों नहीं गए, जब ये जिले भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित थे। उन्होंने पूछा मुख्यमंत्री ने जब कहा है कि महाराष्ट्र में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है, तो केन्द्रीय मंत्रियों, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र में प्रचार क्यों कर रहे हैं? बारामती से लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने कहा कि इससे पता चलता है कि भाजपा जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है।

'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' शिविर...

जम्मू में बुधवार को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' शिविर के दौरान विमानन स्क्वाड्रन का दौरा करते एनसीसी कैडेट।

चिदंबरम की तरफ से उनके परिवार ने किया ट्वीट

बनर्जी के बयान पर सरकार को अपराध बोध नहीं हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने बुधवार को दावा किया कि नोबेल पुरस्कार के लिए चयनित अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी के इस बयान पर भी नरेंद्र मोदी सरकार को कोई अपराधबोध नहीं हुआ कि भारतीय अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में है। आईएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार चिदंबरम की तरफ से उनके परिवार ने ट्वीट किया।

उन्होंने कहा कि जब नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में है तो ऐसा लगता है कि सरकार को कोई अपराध बोध ही नहीं हुआ।

शहरी एवं ग्रामीण भारत का प्रति व्यक्ति उपभोग घट गया है

चिदंबरम ने दावा किया कि शहरी एवं ग्रामीण भारत का प्रति व्यक्ति उपभोग घट गया है। मतलब यह है कि गरीब लोग कम उपभोग कर रहे हैं। इसके साथ ही भारत वैश्विक भूख सूचकांक के मामले में 102वें पायदान पर पहुंच गया है। इसका मतलब यह है कि भूख की स्थिति गंभीर है।

कृषि अनुसंधान को लेकर हासिल हुआ शत-प्रतिशत लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो, नईदिल्ली। लगातार दूसरी बार केंद्र की सत्ता संभालने के बाद किसानों की आय दुगुनी करने की कवायद में जुटी केंद्र की मोदी सरकार के लिए उत्साहजनक खबर है। कृषि अनुसंधान को लेकर पहले 100 दिनों के लिए तय किए गए सरकार के लक्ष्य को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने शत-प्रतिशत तय कर लिया है। कृषि विज्ञान एवं शिक्षा विभाग के सचिव व भारतीय कृष अनुसंधान परिषद के महानिदेशक त्रिलोचन महापात्रा ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले 100 दिनों को लेकर उनके विभाग को जो लक्ष्य दिया था,वह आसानी से हासिल हो गया है। उन्होंने कहाकि पहले 100 दिनों में उन्हें फसलों की 100 नई किस्मों कों जारी करने का जिम्मा दिया गया था।

कांग्रेस के एक ओर राज्यसभा सदस्य ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। राज्यसभा में कर्नाटक से कांग्रेस सांसद के.सी. राममूर्ति ने सदन की सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी को एक और झटका दिया है, जिनके भाजपा में शामिल होने की अटकले लगाई जा रही है। कांग्रेस सांसद ने राज्यसभा की सदस्यता से बुधवार को अपना इस्तीफा राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू को सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। राममूर्ति गत जून 2016 में कर्नाटक में चार सीटों के लिए हुए चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। उस समय इस राज्य से कांग्रेस के ही से ऑस्कर फर्नांडिस व जयराम रमेश तथा भाजपा से निर्मला सीतारमण राज्यसभा से निर्वाचित घोष्ज्ञित की गई थी। सूत्रों के अनुसार इससे पहले मोदी-2 के पहले संसद सत्र के दौरान राज्यसभा से कांग्रेस के संजय सिंह व भुवनेश्वर कलिता भी राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गये हैं।

नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान से भी पिछड़े

भुखमरी के मामले में 117 देशों में 102वें स्थान पर पहुंचा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक भुखमरी सूचकांक (जीएचआई) 2019 में भारत 117 देशों में 102वें स्थान पर है जबकि उसके पड़ोसी देश नेपाल, पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की रैंकिंग उससे बेहतर है। भुखमरी एवं कुपोषण पर नजर रखने वाले जीएचआई की वेबसाइट में बुधवार को बताया गया कि बेलारूस, यूक्रेन, तुर्की, क्यूबा और कुवैत समेत 17 देश पांच से कम जीएचआई अंक के साथ शीर्ष स्थान पर रहे। आयरलैंड की एजेंसी 'कन्सर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी के संगठन 'वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा संयुक्त रूप से तैयार रिपोर्ट में भारत में भुखमरी के स्तर को "गंभीर बताया गया है। भारत पिछले साल 119 देशों में 103वें स्थान और 2000 में 113 देशों में 83वें स्थान पर था। इस बार देश 117 देशों में 102वें स्थान पर रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि नेपाल (73), श्रीलंका (66), बांग्लादेश (88), म्यामां (69) और पाकिस्तान (94) जैसे भारत के पड़ोसी देश भी 'गंभीर भुखमरी की श्रेणी में है लेकिन उन्होंने भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस सूचकांक में चीन 25वें स्थान पर है और वहां भुखमरी का स्तर कम है जबकि श्रीलंका में भुखमरी की समस्या का स्तर 'मध्यम है।

भारत के जीएचआई अंक में गिरावट आई है

भारत के जीएचआई अंक में गिरावट आई है। भारत का जीएचआई अंक 2005 में 38.9, 2010 में 32 और 2010 से 2019 के बीच 32 से 30.3 अंक के बीच रहा।जीएचआई अंक की चार संकेतकों के आधार पर गणना की जाती है- अल्पपोषण, बच्चों के कद के हिसाब से कम वजन होना, बच्चों का वजन के हिसाब से कद कम होना और बाल मृत्युदर। रिपोर्ट के अनुसार भारत में कद के हिसाब से कम वजन होने की भागीदारी 2008-2012 में 16.5 प्रतिशत से बढ़कर 2014-18 में 20.8 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया कि छह महीने से 23 महीने के सभी बच्चों में से केवल 9.6 प्रतिशत बच्चों को न्यूनतम स्वीकार्य आहार दिया गया। इसमें कहा गया है, "भारत में कद से हिसाब से बच्चों का वजन कम होने की दर अत्यधिक है जो 20.8 प्रतिशत है। यह दर इस रिपोर्ट में शामिल देशों में सबसे ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार संघर्ष पीड़ित एवं जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से जूझ रहे यमन और जिबूती जैसे देशों ने भी इस मामले में भारत से अच्छा प्रदर्शन किया है।

ईडी ने अदालत से कहा

शिवकुमार की पत्नी, मां को फिलहाल पेश होने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। मनी लॉनड्रिंग के आरापों में फंसे कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार की मां और पत्नी को पेशी से छूट मिली है। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट से कहा है कि शिवकुमार की मां और पत्नी को फिलहाल ईडी के समक्ष पेश होने की जरुरत नहीं है। इससे पहले ईडी ने कांग्रेस नेता की मां गौरम्मा को 15 अक्तूबर और पत्नी उषा शिवकुमार को 17 अक्तूबर को पेश होने के लिए समन जारी किया था, जिसे गौरम्मा और उषा ने अदालत में अलग-अलग याचिका दायर करते हुए चुनौती दी थी। ईडी ने उनकी याचिकाओं पर हाईकोर्ट को जवाब दिया। ईडी के वकील ने जस्टिस बृजेश सेठी से कहा कि उषा को गुरुवार को एजेंसी के समक्ष पेश होने की जरुरत नहीं है। उनके और गौरम्मा के खिलाफ फिर से नया समन जारी किया जाएगा, जिसमें कि कम से कम सात कार्यदिवस का अंतर होगा।

ईडी को गौरम्मा से पूछताछ करनी है तो घर आएं

गौरम्मा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील दयान कृष्णन ने कहा कि ईडी के अधिकारियों ने महिला को उनके कार्यालय में बुलाया, जो कानून का उल्लंघन था। उन्होंने कहा कि सीआरपीसी के प्रावधान के अनुसार, 15 वर्ष से कम की लड़की और 65 वर्ष से अधिक उम्र की महिला को पुलिस स्टेशन नहीं बुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौरम्मा की उम्र 85 वर्ष हो चुकी है और ईडी को अगर उनसे पूछताछ करनी है, तो उन्हें घर आना होगा। वह गौरम्मा को अपने कार्यालय नहीं बुला सकते। उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता है।

खबर संक्षेप

पीएनबी हाउसिंग बांड से जुटाएगी राशि

नई दिल्ली। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस कई चरणों में बांड जारी कर 10,000 करोड़ रुपए जुटाएगी। शेयर बाजार को उपलब्ध कराई कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 24 अक्टूबर को होगी। इस दौरान चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की जाएगी। वहीं कोष जुटाने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा।

बैटरी निर्माता एक्साइड ई-रिक्शा क्षेत्र में उतरी

कोलकाता। दिग्गज बैटरी निर्माता कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा कि उसने ई - रिक्शा के विनिर्माण में कदम रखा है। कंपनी ने अपने ई - रिक्शा ब्रांड 'एक्साइड नियो' को पेश किया। एक्साइड इंडस्ट्रीड के प्रबंध इसे शुरू में चुनिंदा बाजारों में पेश किया जाएगा और फिर चरणबद्ध तरीके से देश भर में पेश किया जाएगा।

अडाणी विल्मर 5 साल में आय दोगुनी करेगी

कोलकाता। अडाणी विल्मर ने अगले पांच साल में उपभोक्ता कारोबार से आय दोगुनी करने के उद्देश्य से अपने प्रमुख ब्रांड का लाभ उठाने के लिए अपनी रणनीति को पुनर्गठित किया है। अधिकारी ने दावा किया कि उसका 'फॉर्च्यून' ब्रांड बाजार हिस्सेदारी के मामले में डिब्बाबंद खाद्य तेल श्रेणी में शीर्ष पर है। कंपनी खाद्य क्षेत्र में विस्तार करने के लिए ब्रांड का लाभ उठा रही है। अडाणी - विल्मर गुजरात के अडाणी समूह और सिंगापुर के कृषि कारोबार समूह का संयुक्त उद्यम है। अडाणी विल्मर का 2018-19 में कुल राजस्व 28,000 करोड़ रहा।

बैंकों के बुरे दौर के लिए मनमोहन और राजन जिम्मेदार : सीतारमन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हालत के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के दौर को जिम्मेदार ठहराया।

- राजन के दौर में देश की अर्थव्यवस्था तेजी की दौर में रही

सीतारमन ने कहा कि मनमोहन सिंह और राजन का कार्यकाल सरकारी बैंकों के लिए 'सबसे बुरा दौर' था। सीतारमण ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में एक व्याख्यान में कहा कि सभी सार्वजनिक बैंकों को 'नया जीवन' देना आज मेरा पहला कर्तव्य है।

सार्वजनिक बैंकों को 'नया जीवन' देना आज मेरा पहला कर्तव्य

आज बैंक उतने बुरे दौर से नहीं गुजर रहे

मुझे यकीन है कि राजन जो भी कहते हैं उसे सोच समझकर कहते हैं। लेकिन मैं आज यहां ये स्पष्ट करना चाहती हूं कि भारत के सार्वजनिक बैंक उतने बुरे दौर से नहीं गुजर रहे हैं जितने मनमोहन सिंह और राजन के दौर में गुजर रहे थे। उस समय हममें से कोई इस बात को नहीं जानता था।

राजन ने हाल में सरकार पर निशाना साधा था

राजन ने हाल ही में ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक व्याख्यान में मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इसकी वजह किसी भी फैसले के लिए नेतृत्व पर बहुत ज्यादा निर्भरता थी।

मैं किसी का मजाक नहीं बना रही

सीतारमन ने कहा , डॉक्टर सिंह प्रधानमंत्री थे और मुझे भरोसा है कि डॉक्टर राजन इस बात से सहमत होंगे कि सिंह भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर 'निरंतर स्पष्ट दृष्टिकोण' रखते थे। सीतारमण ने कहा , मैं यहां किसी का मजाक नहीं बना रही हूं , लेकिन उनकी तरफ से आए बयान पर मैं प्रतिक्रिया देना चाहती थी।

नेतृत्व के पास तार्किक दृष्टिकोण नहीं था

साथ ही नेतृत्व के पास निरंतर , तार्किक दृष्टिकोण नहीं था कि कैसे आर्थिक वृद्धि हासिल की जाए। वित्त मंत्री ने कहा , 'रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में वह राजन का ही कार्यकाल था' जब साठगांठ करने वाले नेताओं के फोन भर से कर्ज दिया गया। इस मुश्किल से बाहर निकलने के लिए बैंक आज तक सरकारी पूंजी पर निर्भर हैं।'

राजन के दौर में लोन से जुड़ी दिक्कत रही

वित्त मंत्री ने कहा , 'मैं रघुराम राजन का एक महान विद्वान के रूप में सम्मान करती हूं। उन्हें उस समय केंद्रीय बैंक में लिया गया जब भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी के दौर में थी।' आरबीआई के पूर्व गवर्नर राजन की मोदी सरकार पर टिप्पणी को लेकर सीतारमण ने कहा कि राजन के दौर में ही बैंक लोन से जुड़ी काफी दिक्कतें थी।

उपलब्धि : विश्व बैंक ने आईएमएफ कोष के साथ सालाना बैठक में कहा

भारत में 1990 के बाद गरीबी दर घटकर आधी रह गई : विश्व बैंक

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

भारत में 1990 के बाद से गरीबी के मामले में स्थिति में काफी सुधार हुआ है और इस दौरान उसकी गरीबी दर आधी रह गई। भारत ने पिछले 15 साल में सात प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि दर हासिल की है। विश्वबैंक ने यह टिप्पणी की।

विश्वबैंक ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ सालाना बैठक से पहले कहा कि भारत अत्यधिक गरीबी को दूर करने समेत पर्यावरण में बदलाव जैसे अहम मुद्दों पर वैश्विक वस्तुओं के प्रभावी अगुवा के तौर पर वैश्विक विकास प्रयासों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

- कम कार्बन उत्सर्जन वाले विद्युत उत्पादन पर ध्यान देना जरूरी
- भारत को संसाधनों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाना होगा

मानव विकास सूचकांकों में हुई प्रगति

बैंक ने कहा कि देश ने पिछले 15 साल में सात प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि दर हासिल की है और 1990 के बाद गरीबी की दर को आधा कर लिया है। इसके साथ ही भारत ने अधिकांश मानव विकास सूचकांकों में भी प्रगति की है।

2030 तक भारत की अनुमानित जीडीपी 8.8 फीसदी रहेगी

23 करोड़ लोग बिजली ग्रिड़ों से नहीं जुड़े

इसके साथ ही 23 करोड़ लोग बिजली ग्रिडों से अच्छी तरह जुड़े नहीं हैं। देश को कम कार्बन उत्सर्जन वाला विद्युत उत्पादन भी बढ़ाना होगा।उसने कहा, भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को बुनियादी संरचना में 2030 तक अनुमानित तौर पर जीडीपी के 8.8 प्रतिशत के बराबर यानी 343 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी।

गरीबी पूरी तरह समाप्त करने का अनुमान

श्विबैंक ने कहा कि भारत की वृद्धि रफ्तार के जारी रहने तथा एक दशक में अति गरीबी को पूरी तरह समाप्त कर लेने का अनुमान है। इसके साथ ही देश की विकास यात्रा की राह में कई चुनौतियां भी हैं। उसने कहा कि भारत को इसके लिए संसाधनों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाना होगा।

कृषि भूमि का बेहतर उपयोग करना जरूरी

शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक अर्थव्यवस्था के जरिए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादन बढ़ाकर जमीन का बेहतर इस्तेमाल करना होगा। विश्वबैंक ने कहा कि भारत को अधिक मूल्यवर्धक इस्तेमाल के लिए पानी आवंटित करने को लेकर बेहतर जल प्रबंधन तथा विभिन्न क्षेत्रों में पानी के इस्तेमाल का मूल्य बढ़ाने के लिए नीतियों की जरूरत होगी।

रोजगार के सालाना 30 लाख अवसर

इसके साथ ही टिकाउ वृद्धि के लिए समावेश को बढ़ाना होगा, विशेषकर अधिक और बेहतर रोजगार सृजित करने होंगे। अनुमानित तौर पर प्रति वर्ष 1.30 करोड़ लोग रोजगार योग्य आयुवर्ग में प्रवेश कर रहे हैं लेकिन सालाना स्तर पर रोजगार के तहज 30 लाख अवसर सृजित हो पा रहे हैं।

महिला कामगारों की संख्या घटी

इसके साथ ही भारत के समक्ष एक अन्य चुनौती महिला कामगारों की संख्या में आ रही कमी है। भारत में श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 27 प्रतिशत है, जो विश्व में सबसे कम में से एक है।

कंपनियों ने पेश किए 5जी समाधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे प्रमुख डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2019' (आईएमसी-19) में अधिकतर कंपनियों ने भविष्य की 5जी प्रौद्योगिकी से जुड़े समाधान प्रदर्शित किए गए।

हुवावेई, नोकिया, एरिक्सन, जेडटीई जैसी 5जी उपकरण निर्माता कंपनियों के साथ-साथ दूरसंचार सेवाप्रदाता कंपनी एयरटेल, जियो और वोडाफोन आइडिया ने भी यहां अपनी सेवाओं को प्रदर्शित किया।

- तीन दिन के लिए 5जी नेटवर्क उपलब्ध कराया गया
- कंपनियों ने प्रदर्शनी में अपने उत्पाद पेश किए

इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 5जी उत्पाद प्रदर्शन के लिए कंपनियों को तीन दिन के लिए विशेष तौर पर 5जी स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराया गया था। यह प्रदर्शनी दिल्ली के एरोसिटी में 14 से 16 अक्टूबर तक चली। अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रही चीनी कंपनी हुवावेई ने भी यहां अपने 5जी उत्पाद पेश किए। दूरसंचार विभाग ने पिछले हफ्ते ही नोकिया, एरिक्सन और जेडटीई समेत हुवावेई को भी आईएमसी में अपने उत्पाद पेश करने के लिए तीन दिन की विशेष अनुमति दे दी थी।

दुनिया की सबसे बड़ी दूरसंचार उपकरण कंपनी हुवावेई ने भी 5जी से जुड़े विभिन्न समाधान पेश किए जिनमें स्मार्ट परिवहन (5जी हवाईअड्डे) और स्मार्ट शहर सुरक्षा प्रणाली (5जी निगरानी तंत्र) इत्यादि शामिल रहे। इसके अलावा दूरसंचार सेवाप्रदाता कंपनियों ने 5जी से संबद्ध भविष्य के परिवहन को प्रदर्शित किया।

4जी एलटीई दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क

इसके अलावा प्रदर्शनी के दौरान जियो के अध्यक्ष मैथ्यू ओमन ने सैमसंग नेटवर्क के साथ साझेदारी में इंटरनेट प्रोटोकॉल आधारित 4जी-एलटीई का नए सिरे से दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क स्थापित करने की जानकारी दी।

दिवाली के दिन शाम को होगा मुहूर्त कारोबार

(नई दिल्ली)। दिवाली के दिन 27 अक्टूबर को बंबई शेयर बाजार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार होगा। शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्र में कहा है कि दिवाली के दिन शाम 6 बजकर 15 मिनट से सात बजकर 15 मिनट के बीच विशेष मुहूर्त कारोबार किया जाएगा। दिवाली के दिन नया संवत वर्ष शुरू होता है। यह माना जाता है कि मुहूर्त कारोबार से पूरे वर्ष समृद्धि और धन की प्राप्ति बनी रहती है। अगले दिन बाली प्रतिपदा के मौके पर 28 अक्टूबर को बाजार बंद रहेंगे।

एसबीआई कार्ड की मोबाइल को बिना छुए भुगतान सेवा पेश

नई दिल्ली। एसबीआई कार्ड ने मोबाइल से भुगतान करने वाली एक नयी सुविधा 'एसबीआई कार्ड पे' शुरू करने की घोषणा की। यह सुविधा पॉइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) मशीनों पर कार्ड को छुए बिना मोबाइल फोन के माध्यम से भुगतान पेश करने की सुविधा देती हैं।

त्योहारी मांग से सोने में 120 रुपये की तेजी

- सोना बढ़कर 39,030 रु. प्रति दस ग्राम

नई दिल्ली। त्योहारी मांग और रुपया कमजोर होने से दिल्ली सराफा बाजार में सोने का भाव 120 रुपए की तेजी के साथ 39,030 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार चांदी भी 489 रुपये की छलांग लगाकर 46,809 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंगयी जिसका पिछला बंद भाव 46,320 रुपए प्रति किलोग्राम था। मंगलवार को सोना 38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) - तपन पटेल ने कहा कि त्योहारी मांग और कमजोर रुपये की वजह से दिल्ली में 24 कैरेट सोना 120 रुपए की तेजी के साथ 39,030 रुपए के स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि दिन में डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे कमजोर चल रहा था।

महिन्द्रा के 75वें साल की शुरुआत, '5 दिन की सौगात आफर्स की बरसात'

करनाल। महिन्द्रा अपने 75 साल के शुरुआत के जश्न व त्यौहारों के सीजन पर ग्राहकों को

धमाकेदार आफर्स की सौगात दे रहा है। महिन्द्रा के '5 दिन की सौगात आफर्स की बरसात' आफरके अंतर्गत महिन्द्रा अपने स्माल कमर्शियल व्हीकल रेंज की बुकिंग व खरीदपर 60,000 तक के फायदे ग्राहकों के लिए उपलब्ध करा रहा है, जिसमें अल्फा प्लस पर 20,000, अल्फा पैसेंजर 35,000, जीतोपर 22,000 एवंसुपरमैक्सीट्रकपर 60,000 तक के फायदे ग्राहकों को दिए जा रहे हैं तथा ई-अल्फामिनी पर भी आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। त्यौहारों के सीजन पर 5 दिन की सौगात आफर्स की सौगात की बरसात के दौरान स्माल कमर्शियल व्हीकलरेंज की बुकिंग व खरीद पर आकर्षक आफर्स के साथ-साथ टीवी का निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है।

नई दिल्ली। अनिल कपूर ने सार्वजनिक क्षेत्र के इंजीनियरिंग एवं मैन्यूफैक्चरिंग उपक्रम भारत हैवी इलैक्ट्रीकल्स लिमिटेड (भेल) के निदेशक (मानव संसाधन)का पदभार ग्रहण कर लिया । अनिल कपूर आईआईटी रूड़की से इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग ग्रेजुएट हैं। उनके नेतृत्व में भेल ने कई पुरस्कार हासिल किए हैं।

ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स को वित्तीय वर्ष 2017–18 और 2018–19 में रुपे प्लैटिनम काड्र्स जारी करने के लिए एनपीसीआई द्वारा रु०1.41 करोड़ का चेक पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। बैंकिंग उद्योग जगत में ओरियंटल बैंक सबसे अधिक रुपे प्लैटिनम काड्र्स जारी करने वाला बैंक है। यह पुरस्कार एनपीसीआई अधिकारियों द्वारा श्री कुलदीप भल्ला (महाप्रबंधक, डीबीडी) एवं श्री राम जन्म वर्मा (उप महाप्रबंधक, डीबीडी) की उपस्थिति में श्री बालकृष्ण अल्से एस० (कार्यकारी निदेशक) को प्रदान किया गया।

आईएनओक्स ने अधिकतम फॉर्मेट और अनुभव वाला विश्व का पहला मल्टीप्लेक्स मेगाप्लेक्स का शुभारंभ किया गया। बांए से मुख्य कार्यकारी अधिकारी आलोक टण्डन और निदेशक सिद्धार्थ जैन।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

ज्योतिष

ज्योतिष

ज्योतिष



आवश्यकता

☞ वनविभाग को चाहिये भारी मात्रा में जिलानुसार 860 लड़के- लड़कियां 10वीं से ग्रेजुएट वेतन 21500-39500/- भोजन, आवास सुविधा इच्छुक व्यक्ति अपना पूरा नाम, पता, शहर पिनकोड सहित SMS करें 89488-36425

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

☞ SSC सेंट्रल डाटाइन्ट्री SMS JOB हेतु 990 लड़के / लड़कियाँ, गृहणियाँ घरबैठे पार्ट / फुलटाईम JOB करके कमायें 18500 -52000/- महिना + मोबाईल + लैपटॉप + प्रिंटर, CALL / SMS करें 88730-27476, 89368-00847

चिकित्सा



छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

टॉवर

☞ जिन्दल टॉवर Regd. कम्पनी अपनी जमीन, छत, प्लॉट पर सभी कम्पनियों के 4G डिजिटल टॉवर लगवाएं एडवांस 90,00,000/- किराया 45,000/- नौकरी + बाईक #94589-68937, 73812-55648

लोन

☞ दिवाली धमाका ऑफर jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड, पर्सनल, मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएं विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No. 6397688983

☞ BAJAJ FINANCE मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, एग्रीकल्चर, ईट-भट्ठा, बिजनैस, मुर्गीपालन, खेती, ग्रुपलोन, होमलोन, समस्त प्रकार के लोन घर बैठे पाए 2% ब्याज, 50% छूट, एजेंट आमंत्रित जानकारी हेतु सम्पर्क करें 9199454288

फायनेंस

☞ **दीपावली लोन धमाका** SHRI RAM फाइनेंस कंपनी द्वारा मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल व समस्त लोन पाएं मात्र 24 घंटों में ब्याज 2% छूट 40% नोटः- (धोखेबाजों से सावधान रहें) HELPLINE 7064812451, 9463458954

☞ दिवाली धमाका ऑफर बाजाज फायनेंस कंपनी देश की नम्बर 1 कंपनी सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएं विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान। मो.न. 9548973844

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप



मेस्सी को लगातार तीसरी बार 'गोल्डन शू' अवार्ड

बार्सिलोना। बार्सिलोना के कप्तान लियोनेल मेस्सी ने यूरोपीय लीग में सर्वाधिक गोल करने के लिए छठी बार 'गोल्डन शू' हासिल किया। मेस्सी ने लगातार तीसरे साल यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस साल 36 गोल किए जो उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी पेरिस सेंट जर्मेन के कायलियान एमबापे से तीन गोल अधिक हैं। मेस्सी के बेटों थियगो और माटियो ने अपने पिता को ट्राफी सौंपी। मेस्सी ने यह ट्राफी अपने परिवार और साथी खिलाड़ियों को समर्पित की।

आदिवासी बच्चों को ट्रेनिंग दे रहे हैं भट्टाचार्य

चेन्नई। पूर्व राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन रित्विक भट्टाचार्य मुंबई के समीप अपनी अकादमी में आदिवासी बच्चों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। पांच बार के राष्ट्रीय चैंपियन रित्विक की अकादमी मुंबई से लगभग 70 किमी दूर मोकाशी गांव में है और अकादमी में ट्रेनिंग लेने वाले बच्चे गुरुवार से चेन्नई में शुरू हो रही जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार रित्विक की स्क्वाश टैंपल एवं रीयल ट्रेनिंग (स्टार्ट) में मोकाशी गांव और इसके आसपास के 150 से अधिक बच्चे ट्रेनिंग ले रहे हैं।

सुपर ओवर नियम में बदलाव का स्वागत

नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने विश्व कप जैसे टूर्नामेंटों में नाकआउट चरण में फैसला बाउंड्री की गिनती के आधार पर करने के नियम को खत्म करने के आईसीसी के फैसले का स्वागत किया है। तेंदुलकर ने ट्वीट किया, 'मुझे लगा कि यह अहम है क्योंकि एकदम कांटे की टक्कर होने पर नतीजे लाने का यही सही तरीका है।' विश्व कप फाइनल के दो दिन बाद तेंदुलकर ने कहा था कि बाउंड्री गिनने की बजाय विजेता के निर्धारण के लिए दूसरा सुपर ओवर खेला जाना चाहिए था।

आईसीए ने पहली बैठक में 15 से 20 करोड़ रुपये का संभावित बजट तैयार किया

नई दिल्ली/मुंबई। भारतीय क्रिकेटर्स संघ (आईसीए) ने बुधवार को यहां पहली बार बैठक की और संस्था के संचालन के लिए 15 से 20 करोड़ रुपये का संभावित वार्षिक बजट तैयार किया। आईसीए भारत का पहला खिलाड़ी संघ है जिसे उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति आरएम लोढा समिति की सिफारिश के आधार पर तैयार किया गया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, ''हमारे कोषाध्यक्ष ने 15 से 20 करोड़ रुपये का वार्षिक संभावित बजट तैयार किया है। इसमें मुंबई में कार्यालय खोलने का खर्चा, कार्यालय में कामकाज के लिए तीन से चार स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति और पदाधिकारियों के यात्रा और दैनिक भत्ते शामिल हैं।''

दिल्ली ने हरियाणा को सात विकेट से हराया

वडोदरा। स्पिनरों की फिरकी के जादू के बाद अनुज रावत के नाबाद 56 रन की बदौलत दिल्ली ने बुधवार को विजय हजारे ट्राफी ग्रुप बी मैच में हरियाणा को सात विकेट से हराया। स्पिनरों मनन शर्मा (39 रन पर तीन विकेट) और नितीश राणा (19 रन पर दो विकेट) की बदौलत दिल्ली ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए हरियाणा को 45.3 ओवर में 172 रन पर समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार खिलाड़ी शिखर धवन (42 गेंद में 26) पांच पारियों में चौथी बार नाकाम रहे लेकिन रावत और राणा (21 गेंद में नाबाद 27) की पारियों की बदौलत दिल्ली ने 30.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। रावत ने अपनी पारी में चार चौके और चार छक्के मारे।

...विराट का सुपर फैन, बदन पर हैं कोहली से जुड़े 16 टैटू

ओडिशा के बहरामपुर में छोटे से कॉन्ट्रैक्टर हैं पिंटू बेहेरा

बेहेरा ने कोहली से मिलने के लिए 5 साल का लंबा इंतजार किया

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के करोड़ों प्रशंसक हैं। इनके चाहने वाले ना सिर्फ भारत में हैं बल्कि दुनिया के हर कोने में मौजूद हैं। जहां भी भारतीय टीम जाती है उनके फैंस पहुंच जाते हैं। कुछ फैंस हालांकि सबसे अलग होते हैं। वे किसी एक खिलाड़ी के लिए इतने समर्पित होते हैं कि दीवानगी की हद तक पहुंच जाते हैं। सुधीर गौतम और हरि सरवन बदन को तिरंगे में रंगकर मैदान पर जब इंडिया... इंडिया... चिल्लाते हैं जोश अलग ही स्तर पर पहुंच जाता है। गौतम सचिन तेंदुलकर के फैन हैं और सरवन महेंद्र सिंह धोनी के। अब एक ऐसा ही फैन टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली का भी सामने आ गया है, पिंटू बेहेरा। पिंटू की खासियत है कि उन्होंने भारतीय कप्तान को समर्पित 16 अलग-अलग टैटू अपनी बॉडी पर बनवा रखे हैं। बेहेरा, ओडिशा के बहरामपुर में एक छोटे से कॉन्ट्रैक्टर हैं। उन्होंने कोहली से मिलने के लिए पांच साल का इंतजार किया और आखिर साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में विशाखापट्टनम में जाकर उनका सपना पूरा हुआ।

विजय हजारे ट्रॉफी : मुंबई के यशस्वी ने 17 वर्ष की उम्र में बनाए 203 रन

गोलगप्पे बेचकर करता था गुजारा, अब दोहरा शतक जड़कर बनाया बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मुंबई के उदीयमान बल्लेबाज यशस्वी जासवाल ने बुधवार को प्रतिष्ठित विजय हजारे ट्रॉफी (50 ओवरों का मुकाबला) में दोहरा शतक जमाया है। इसके साथ ही उन्होंने कई कीर्तिमान अपने नाम कर लिए। यशस्वी ने बेंगलुरु में झारखंड के खिलाफ जारी विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप-ए के मैच में 203 रनों (154 गेंदों में) की दमदार पारी खेली। उत्तर प्रदेश के भदोही के इस किशोर के लिए क्रिकेटर बनने की राह आसान नहीं रही।

- यशस्वी के नाम पांच लिस्ट-ए पारियों में 504 रन बनाने का है वर्ल्ड रिकार्ड

जब वह 2012 में क्रिकेट का सपना संजोए अपने चाचा के पास मुंबई पहुंचा, तो वह महज 11 साल का था। चाचा के पास इतना बड़ा घर नहीं था कि वह उसे भी उसमें रख सके। वह एक डेयरी दुकान में अपनी रातें गुजारता था। दो वक्त के खाने के लिए फूड वेंडर के यहां काम करना शुरू कर दिया। रात में पानी पूरी (गोलगप्पे) बेचा करता था।

यशस्वी के कीर्तिमान

- यशस्वी जासवाल लिस्ट-ए मुकाबले (वनडे) में डबल सेंचुरी बनाने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 17 साल 292 दिनों की उम्र में दोहरा शतक जड़ा।
- 21वीं शताब्दी (28 दिसंबर, 2001) में पैदा हुए जासवाल लिस्ट-ए में दोहरा शतक जमाने वाले पहले क्रिकेटर हैं। यानी पिछले 18 सालों के दौरान पैदा हुए किसी क्रिकेटर ने अब तक यह कमाल नहीं किया है।
- यशस्वी ने 154 गेंदों की पारी में 17 चौके और 12 छक्के (टूर्नामेंट गेम में सर्वाधिक) जड़े। वह 140 रन चौके-छक्के से ही बटोरे।

लिस्ट-ए में दोहरा शतक जड़ने वाले नौवें भारतीय

इस पारी के साथ 17 साल के यशस्वी जासवाल लिस्ट-ए क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले नौवें भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। वनडे इंटरनेशनल में रोहित शर्मा के नाम तीन और वीरेंद्र सहवाग एवं सचिन तेंदुलकर के नाम एक-एक दोहरे शतक हैं।

विजय हजारे ट्रॉफीः सर्वाधिक स्कोर

खिलाड़ी	राज्य	रन	खिलाफ	कब
संजू सैमसन	केरल	212	गोवा	2019
यशस्वी जासवाल	मुंबई	203	झारखंड	2019
कर्णवीर कौशल	उत्तराखंड	202	सिक्किम	2018

यशस्वी का वर्ल्ड रिकॉर्ड

यशस्वी जायसवाल ने अब तक पांच लिस्ट-ए पारियों में 504 रन (44, 113, 22, 122 और 203) बनाए हैं। शुरुआती पांच लिस्ट-ए पारियों में सर्वाधिक रनों की बात करें, तो यह वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड साउथ अफ्रीकी दिग्गज ग्रीम पोलॉक के नाम था, जिन्होंने शुरुआती 5 लिस्ट-ए पारियों में 493 रन बनाए थे।

स्पेन ने यूरो 2020 के लिए किया क्वालीफाई, मैच ड्रा

एजेंसी ▶▶| पेरिस

रौद्रिगो मोरेनो के आखिरी मिनटों में किए गए बराबरी के गोल की मदद से स्पेन ने स्वीडन से ड्रा खेलकर यूरो कप 2020 फुटबाल के लिये क्वालीफाई कर लिया जबकि आयरलैंड को स्विटजरलैंड ने 2-0 से मात दी।

स्पेन अगले साल जून में होने वाली यूरो चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाली छठी टीम बन गई। रौद्रिगो ने इंजुरी टाइम में बराबरी का गोल करके स्कोर 1-1 किया। स्पेन ग्रुप एफ में शीर्ष पर है जबकि स्वीडन उससे पांच और रोमानिया छह अंक पीछे है। रोमानिया ने नार्वे से 1-1 से ड्रा खेला। ग्रुप डी में स्विटजरलैंड ने आयरलैंड को 2-0 से हराकर अपनी उम्मीदें बरकरार रखी है। वह आयरलैंड और डेनमार्क से एक अंक पीछे है जबकि उसके दो मैच बाकी है। आयरलैंड को अपना आखिरी मैच 18 नवंबर को डेनमार्क से खेलना है।

अन्य मैचों में बोस्निया हर्जेगोविना को यूनान ने 2-1 से हराया जबकि इस्त्राइल ने लाटविया को 3-1 से मात दी।

प्रो कबड्डीः दबंग दिल्ली फाइनल में

अहमदाबाद। प्रो कबड्डी के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में दबंग दिल्ली ने बेंगलुरु बुल्स को 44-38 से हराते हुए फाइनल मे जगह बनाई। दिल्ली की टीम ने प्रो कबड्डी इतिहास में पहली बार फाइनल में जगह बनाई है। दूसरी तरफ डिफेंडिंग चैंपियन बेंगलुरु बुल्स की टीम का सफर सेमीफाइनल के साथ ही खत्म हो गया। पहले हाफ के बाद दिल्ली ने 26-18 से बढ़त बनाई। दिल्ली ने मैच की बेहतरीन शुरुआत की और सिर्फ चौथे ही मिनट में बेंगलुरु को ऑलआउट किया। बुल्स की टीम ने पवन सेहरावत के दम पर मैच में वापसी की और उनकी सुपर रेड के दम पर उन्होंने पॉइंट्स को काफी कम कर दिया। दिल्ली की टीम ने एक बार फिर पवन को आउट किया और खुद को ऑलआउट के खतरे से बचाया। दिल्ली ने अपना दबदबा बनाया और मैच के 13वें मिनट में बुल्स को दूसरी बार ऑलआउट किया। नवीन ने अपनी फॉर्म को जारी रखा और 14वें मिनट में सीजन का 21वां और लगातार 20वां सुपर 10 पूरा किया।

बंगाल की जीत, फाइनल में दिल्ली के खिलाफ मुकाबला

अहमदाबाद। प्रो कबड्डी 2019 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बंगाल वॉरियर्स ने यू मुम्बा को 37-35 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। बंगाल की टीम ने पहली बार फाइनल में जगह बनाई है, तो दूसरे सीजन की चैंपियन टीम का सफर सेमीफाइनल के साथ ही खत्म हो गया। इस सीजन नया चैंपियन मिलना तय है। फाइनल में दबंग दिल्ली का सामना बंगाल वॉरियर्स के खिलाफ होगा।

साइना डेनमार्क ओपन के पहले दौर में हारी

ओडेन्से (डेनमार्क)। भारतीय शटलर साइना नेहवाल डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को यहां पहले दौर में जापान की सयाका तकाहाशी से हार गई। विश्व में आठवें नंबर की खिलाड़ी साइना महिला एकल में 37 मिनट तक चले मैच को 15-21, 21-23 से गंवा बैठी। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पिछली बार यहां उप विजेता रही थी। साइना जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स जीतने के बाद फिटनेस मामलों के कारण मुश्किल दौर से गुजर रही है। वह चीन ओपन और कोरिया ओपन के भी पहले दौर में हार गयी थी। समीर वर्मा हालांकि पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। उन्होंने जापान के केंटा सुनेयामा को 29 मिनट में 21-11, 21-11 से शिकस्त दी। प्रणव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी भी दूसरे दौर में पहुंच गई है।

स्मिथ, वार्नर 'द हंड्रेड' के सबसे महंगे खिलाड़ियों में

सिडनी। आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर जुलाई में होने वाली 'द हंड्रेड लीग' के शुरूआती ड्राफ्ट में सबसे महंगे खिलाड़ियों में से हैं। स्मिथ और वार्नर की रिजर्व कीमत 1,25,000 पाउंड है। आस्ट्रेलिया के ही मिशेल स्टार्क, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल, श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा भी इसी श्रेणी में हैं।

बांग्लादेश के साकिब अल हसन, पाकिस्तान के मोहम्मद आमिर और न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट को एक लाख पाउंड की रिजर्व राशि के वर्ग में रखा गया है। पहली नीलामी रविवार को होगी। पुरुष वर्ग में 239 विदेशी खिलाड़ियों समेत 570 खिलाड़ी शामिल होंगे। आठ टीमें 100 गेंद के पहले टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी जो 17 जुलाई से 16 अगस्त के बीच खेला जाएगा।

जोहोर कप : भारत ने आस्ट्रेलिया को 5-1 से दी शिकस्त, फाइनल में

एजेंसी ▶▶| जोहोर बाहरू

भारत की जूनियर पुरुष हाकी टीम ने बुधवार को यहां आस्ट्रेलिया को 5-1 से हराकर नौवें सुल्तान आफ जोहोर कप के फाइनल में जगह बनाई।

भारत की ओर से शिलानंद लाकड़ा (26वें और 29वें मिनट) ने दो जबकि दिलप्रीत सिंह (44वें मिनट), गुरसाहिबजीत सिंह (48वें मिनट) और मनदीप मोर (50वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। भारत को आस्ट्रेलिया की गलती से पहले ही मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन रोबर्ट मैकलिनान ने तेजी दिखाते हुए गुरसाहिबजीत को सही कोण हासिल नहीं करने दिया और फिर गेंद को बाहर कर दिया। इसके बाद पूरे क्वार्टर में अधिकांश समय मिडफील्ड में खेल देखने को मिला। भारत ने दूसरे क्वार्टर में गोलकीपर प्रशांत चौहान को मैदान पर उतारा। भारत ने लाकड़ा के गोल की बदौलत बढ़त बनाई।

दो बार विश्व चैंपियन टीम के कप्तान 'कैप्टेन कूल' धोनी का बयान

मैं भी आम इंसान, बस भावनाएं काबू में रखता हूं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी भावनाओं को व्यक्त नहीं करते लेकिन इस करिश्माई पूर्व कप्तान ने कहा कि वह भी आम इंसान की तरह ही सोचते हैं लेकिन बस नकारात्मक विचारों पर नियंत्रण रखने के मामले में वह किसी अन्य की तुलना में बेहतर हैं।

- हर जीत और हर हार के दौरान मेरी भावनाएं भी मुझ पर हावी रहती हैं

अपने शांतचित के कारण उन्हें भारतीय क्रिकेट में 'कैप्टेन कूल' का तमगा मिला लेकिन दो बार विश्व चैंपियन टीम की अगुवाई करने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि हर जीत और हर हार के दौरान भावनाएं उन पर भी हावी रही हैं। धोनी ने बुधवार को यहां कहा, 'मैं भी आम इंसान हूं लेकिन मैं किसी अन्य व्यक्ति की तुलना में अपनी भावनाओं को बेहतर तरीके से काबू में रखता हूं।' जुलाई में विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद धोनी के भविष्य को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने फिलहाल कुछ समय के लिए विश्राम लिया है। धोनी ने विपरीत परिस्थितियों से पार पाने के संबंध में कहा, 'हर किसी की तरह मुझे भी निराशा होती है। कई बार मुझे भी गुस्सा आता है। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि इनमें से कोई भी भावना रचनात्मक नहीं है।'

अपनी सोच से भावनाओं को करता हूं काबू : धोनी

38 वर्षीय धोनी ने कहा, 'इन भावनाओं की तुलना में अभी क्या करना चाहिए यह अधिक महत्वपूर्ण है। अगली क्या चीज है जिसकी मैं योजना बना सकता हूं? वह अगला व्यक्ति कौन है जिसका मैं उपयोग कर सकता हूं? एक बार जब मैं यह सोचने लगता हूं तो फिर मैं अपनी भावनाओं को बेहतर तरीके से काबू कर लेता हूं।'धोनी ने फिर से कहा कि वह अपनी कप्तानी के दौरान वह हमेशा इस बात पर जोर देते रहे थे कि 'अगर वह टेस्ट मैच है तो आपके पास दो पारियां होती है और आपको अपनी अगली रणनीति तैयार करने के लिए थोड़ा अधिक समय मिलता है। टी20 में सब कुछ तुरत फुरत होता है तो इसमें अलग तरह की सोच की जरूरत होती है।'

साल्टलेक पर माहौल के अनुरूप नहीं था भारत का प्रदर्शन : छेत्री

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ ड्रा रहे फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच में टीम का प्रदर्शन साल्ट लेक स्टेडियम के जबर्दस्त माहौल के सामने कुछ नहीं था। आखिरी मिनटों पर आदिल खान के गोल ने भारत को अपने से निचली रैंकिंग वाली टीम से हारने से बचाया।

भारत की जीत की आस लेकर आए दर्शकों को हालांकि इस प्रदर्शन से काफी निराशा हुई। छेत्री ने ट्वीट किया, 'हम उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर सके जैसा साल्ट लेक स्टेडियम पर माहौल था। ड्रेसिंग रूम में इसे लेकर काफी निराशा है।' छेत्री ने कहा, 'हमें कई मौके मिले लेकिन हम उन्हें भुना नहीं सके। हम प्रयास करते रहेंगे।'

खबर संक्षेप

फिलीपीन में शक्तिशाली 6.4 तीव्रता का भूकंप

मनीला। दक्षिणी फिलीपीन क्षेत्र मिंडानाओ में बुधवार को शक्तिशाली 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। अमेरिकी निगरानी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र कोलंबियो शहर से करीब 7.7 किलोमीटर दूर 14 किलोमीटर की गहरायी में था। फिलीपीन प्रशांत महासागर में 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है, जहां भीषण भूकंपीय गतिविधियां होती रहती हैं। 'रिंग ऑफ फायर' जापान से लेकर दक्षिण पूर्व एशिया और समूचे प्रशांत बेसिन तक फैला है।

अफगानिस्तान में बम विस्फोट में 3 मरे, 27 घायल

जलालाबाद। पूर्वी अफगानिस्तान में पुलिस मुख्यालय के पास एक ट्रक में विस्फोट होने से बुधवार को तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 20 बच्चे घायल हो गए। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नसरत रहीमी ने बताया कि बुधवार सुबह पूर्वी लगमान प्रांत के अलीशिंग जिले में यह हमला हुआ। हमले में दो सुरक्षा कर्मियों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी और 27 लोग घायल हो गए। अधकारियों ने हमले की पुष्टि करते हुए इसके लिए तालिबान को दोषी ठहराया है। लगमान प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता असदुल्लाह दौलतज़ाई ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की इमारत के पास हुए बम विस्फोट की चपेट में आकर

पूर्वी वायु कमान ने शुरू किया लड़ाकू विमान संचालन अभ्यास

कोलकाता। पूर्वी वायु कमान ने अरुणाचल प्रदेश में पासीघाट और कोलकाता समेत अपने संचालन क्षेत्र में छह असैन्य हवाई क्षेत्रों से बुधवार से लड़ाकू विमान संचालन अभ्यास शुरू किया। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि अन्य चार हवाईक्षेत्र नगालैंड, मणिपुर में इम्फाल, असम में गुवाहाटी और पश्चिम बंगाल में अंडाल हैं। अधिकारी ने बताया कि इस अभ्यास का मकसद युद्ध की स्थिति में दूरदराज वाले स्थानों पर अभियानगत प्रशिक्षण देना और क्षमता निर्माण करना है। यह अभ्यास दो चरणों में होगा। पहले चरण में यह 16 से 19 अक्टूबर को गुवाहाटी, इम्फाल, दीमापुर और कोलकाता हवाईअड्डों पर होगा जबकि दूसरे चरण में 29 अक्टूबर से एक नवंबर तक अंडाल और पासीघाट में होगा।

आतंकी फंडिंग रोकने के लिए ज्यादा कदम उठाने का निर्देश

एफएटीएफ ने पाक को फरवरी 2020 तक ग्रे लिस्ट में डाला

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) से राहत नहीं मिली है। एफएटीएफ ने उसे फरवरी 2020 तक ग्रे लिस्ट में रखने का फैसला लिया है। उन्होंने पाकिस्तान को निर्देश दिया है कि वह आतंकी फंडिंग और मनी लांड्रिंग को खत्म करने के लिए ज्यादा कदम उठाए। हालांकि औपचारिक तौर पर फैसला 18 अक्तूबर को आएगा। एफएटीएफ एक अंतर-सरकारी निकाय है जिसे फ्रांस की राजधानी पेरिस में जी-7 समूह के देशों द्वारा 1989 में स्थापित किया गया था। इसका काम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धन शोधन (मनी लांड्रिंग), सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार और आतंकवाद के वित्तपोषण जैसी गतिविधियों पर नजर रखना है। इसके अलावा एफएटीएफ वित्त विषय पर कानूनी, विनियामक और परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा भी देता है। पेरिस में मंगलवार को हुई बैठक में एफएटीएफ ने पाकिस्तान द्वारा मनी लांड्रिंग और आतंकी फंडिंग को लेकर उठाए गए कदमों की समीक्षा की। जिसके बाद एफएटीएफ ने पाकिस्तान को निर्देश दिया कि वह आतंकी फंडिंग को पूरी तरह से खत्म करने के लिए और सख्त कदम उठाए। अब एफएटीएफ पाकिस्तान को लेकर फरवरी 2020 में अंतिम फैसला करेगा।

खास बातें

- औपचारिक तौर पर फैसले की कल होगी घोषणा
- एफएटीएफ ने पाक द्वारा मनी लांड्रिंग और आतंकी फंडिंग को लेकर उठाए गए कदमों की समीक्षा की
- एफएटीएफ वित्त विषय पर कानूनी, विनियामक और परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन को देता है बढ़ावा

एफएटीएफ ने चार महीने का दिया वक्त

अंतरिम घटनाक्रम के बारे में एक औपचारिक घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। इसी दिन एफएटीएफ के चालू सत्र का अंतिम दिन है। हालांकि पाकिस्तान के वित्तीय मंत्रालय के प्रवक्ता ओमर हमीद खान ने देश के ग्रे लिस्ट में बरकरार रहने वाली खबरों को खारिज किया है। उन्होंने कहा,यह सच नहीं है और 18 अक्तूबर से पहले कुछ नहीं होगा। एफएटीएफ ने पाकिस्तान को बची हुई अनुशंसा को लागू करने के लिए चार महीने की राहत देने का फैसला लिया है।

ब्लैकलिस्ट से बचने के लिए तीन देशों ने किया पाक का समर्थन

इससे पहले एफएटीएफ की पेरिस में हुई बैठक में पाकिस्तान के आर्थिक मामलों के मंत्री हम्माद अजहर ने आतंकी फंडिंग की जांच करने के लिए 27 में से 20 मापदंडों पर अपने देश के सकारात्मक प्रदर्शन की व्याख्या की थी। चीन, तुर्की और मलयेशिया ने उसके द्वारा उठाए गए कदमों को सराहा था। किसी भी देश को ब्लैकलिस्ट से बचने के लिए तीन देशों का समर्थन चाहिए होता है। मंगलवार को हुई बैठक में भारत ने पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट करने की सिफारिश की थी क्योंकि उन्होंने हाफिज सईद को सीज खातों में से पैसे निकालने की अनुमति दी थी। इस बैठक में 205 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में की कार्रवाई

मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने ढेर किए तीन आतंकी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

- शवों को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा
- सटीक जानकारी के बाद सुरक्षा बलों ने की कार्रवाई

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बुधवार को तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि जिला पुलिस की विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात को अनंतनाग के पाजलपुरा इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि तीनों आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। पुलिस दल ने सुरक्षा बलों के साथ क्षेत्र का घेरेबंदी कर तलाश अभियान चलाया था। उनके पास सटीक जानकारी थी कि तीनों आतंकवादी कहां छिपे हुए हैं। उन्होंने बताया कि वे एक मकान की ओर बढ़े। मकान मालिक ने इस बात से इनकार किया कि मकान में कोई छिपा हुआ है। उनकी बात पर विश्वास नहीं करते हुए जवानों ने अभियान शुरू किया। मकान में छिपे आतंकवादियों ने रात करीब ढाई बजे गोलियां चलाईं जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से भारी गोलीबारी होने के कारण पूरा मकान धराशायी हो गया। शवों को अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप दिया गया है।

हन्नान के तौर पर हुई बड़े आतंकी की पहचान

तीनों आतंकवादियों में सबसे बड़े की पहचान नसीर गुलजार छद्रू उर्फ अबु हन्नान के तौर पर की गई है। वह अनंतनाग जिले के बिजबेहारा का रहने वाला था। वह पिछले वर्ष सितंबर में लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हुआ था। अन्य दो की पहचान जाहिद अहमद लोन और आकिब अहमद हजाम के रूप में हुई है। इनमे से लोन बिजबेहारा का रहने वाला था। वह जुलाई में आतंकवादी संगठन में शामिल हुआ था। हजाम कुलगाम जिले के रेधवानी का रहने वाला था। वह अप्रैल में आतंकवादी संगठन में शामिल हुआ था। तीनों आतंकवादियों की उम्र 25 साल से कम थी।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

प्रतिबंध संबंधी आदेश पेश करे जम्मू कश्मीर प्रशासन

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन से कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाए जाने के बाद राज्य में संचार और अन्य प्रतिबंध लगाने के लिए प्रशासनिक आदेश पेश करे। न्यायमूर्ति एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सवाल किया कि प्रशासनिक आदेश अभी तक न्यायालय में पेश क्यों नहीं किए गए। पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बी आर गवई शामिल हैं। पीठ ने सवाल किया कि आपने कुछ आदेश पारित किए हैं। आपने इसे दायर क्यों नहीं किया? क्या यह उद्देश्यपूर्ण तरीके से किया गया है? मेहता ने पीठ को बताया कि उन्होंने इस मामले में पहले जवाब दिया था लेकिन अब, जहां तक प्रतिबंधों का संबंध है, परिस्थितियों में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि हलफनामा दाखिल करने के बाद जमीनी हालात में बदलाव आया है।

उधर, कश्मीर में लगातार 73वें दिन जनजीवन प्रभावित

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद से कश्मीर में लगातार 73वें दिन बुधवार को भी मुख्य बाजार बंद रहने और सार्वजनिक वाहनों से सड़कों से नदारद रहने के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। कश्मीर के कुल इलाकों में ऑटो रिक्शा और जिले के भीतर चलने वाली कुछ कैब को सड़कों पर देखा गया लेकिन अन्य सार्वजनिक परिवहन सड़कों से नदारद रहे।

पीएमसी बैंक घोटाला

तीन आरोपी 23 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए

मुंबई। मुंबई की एक अदालत ने पीएमसी बैंक घोटाला मामले में बुधवार को हाउसिंग डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचडीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राकेश वाधवन तथा उनके बेटे सारंग और बैंक के पूर्व चेयरमैन वरयाम सिंह को 23 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बीच बैंक के कई खाताधारक अदालत के बाहर प्रदर्शन करके अपना पैसा जल्द से जल्द वापस दिलाये जाने की मांग कर रहे हैं। पंजाब एंड महाराष्ट्र को- ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को बुधवार को महानगर मजिस्ट्रेट एस. जी. शेख के समक्ष पेश किया। बुधवार को तीनों की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी। मजिस्ट्रेट ने तीनों आरोपियों को 23 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पीएमसी बैंक में 4,355 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल होने के आरोप में वाधवन और उनके बेटे को तीन अक्टूबर और सिंह को पांच अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।

पाकिस्तान ने जारी की कार्यक्रमों की लिस्ट

5 नवंबर को करतारपुर कॉरिडोर के लिए जाएगा पहला जत्था

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

करतारपुर कॉरिडोर जाने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए पाकिस्तान ने आधिकारिक कार्यक्रम जारी कर दिया। करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन नवंबर में होगा। वहीं पहला जत्था 5 नवंबर को जाएगा। भारतीय तीर्थयात्रियों के दो जत्थे 5 और 6 नवंबर को जाएंगे। डेरा बाबा नानक साहिब और गुरुद्वारा दरबार साहिब के दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं का जत्था 13 और 14 नवंबर को वापस भारत आएगा। वहीं अभी दोनों देशों के बीच श्रद्धालुओं से 3120 पाकिस्तानी रुपये (20 डॉलर) वसूलने पर सहमति नहीं बन पाई है। दरअसल, पाकिस्तान ने करतारपुर कॉरिडोर का अंतिम मसौदा भारत को भेज दिया है। पाकिस्तान भारतीय सिख तीर्थयात्रियों से 3120 पाकिस्तानी रुपये (20 डॉलर) लेने पर अड़ा हुआ है। मसौदे के मुताबिक, हर कोई बिना किसी प्रतिबंध के करतारपुर कॉरिडोर का उपयोग कर सकता है।

केंद्र सरकार ने जारी किया विशेष फॉर्म

करतारपुर यात्रा के लिए केंद्र सरकार ने एक विशेष फॉर्म जारी किया है। इसे ऑनलाइन भरा जा सकता है। केंद्र सरकार पाकिस्तान में स्थित सिखों के पवित्र स्थल करतारपुर की यात्रा के लिए जल्द ही औपचारिक तौर पर फॉर्म जारी कर सकती है। जानकारी के मुताबिक, यात्रा से एक महीने पहले इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा। आवदेन करने के समय पासपोर्ट, आधार और पैन कार्ड की जानकारी भी मांगी जाएगी। इसके अलावा किसी तरह के पुलिस केस या मुकदमे की जानकारी भी देनी होगी।

अलग अंदाज...

सोल। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने सफेद घोड़े पर सवार होकर 'माउंट पाइकेतो' का दौरा किया। कोरियाई प्रायद्वीप की इस सबसे ऊंची चोटी को उत्तर कोरियाई लोग पवित्र मानते हैं।

---

10 बैंकों के विलय का विरोध

दिवाली से ठीक पहले 22 अक्टूबर को बैंकों में हड़ताल

नई दिल्ली। दिवाली से ठीक पहले बैंकों में हड़ताल से कामकाज प्रभावित हो सकता है। 10 बैंकों के विलय के विरोध में 22 अक्टूबर को हड़ताल की घोषणा की गई है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ और भारतीय बैंक कर्मचारी परिसंघ की ओर से बुलाई गई हड़ताल को भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) ने भी समर्थन दिया है। यदि यह हड़ताल होती है तो दिवाली से पहले 5 दिनों में से 3 दिन बैंक बंद रहेंगे। सरकार ने 10 सरकारी बैंकों के विलय से 4 बड़े बैंक बनाने का फैसला किया है। बैंक कर्मचारी इसका विरोध कर रहे हैं। एटक ने 22 अक्टूबर को प्रस्तावित देशव्यापी बैंक हड़ताल का समर्थन किया है।

एटक ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हम अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ और भारतीय बैंक कर्मचारी परिसंघ द्वारा 22 अक्टूबर को संयुक्त तौर पर बुलाई गई देशव्यापी बैंक हड़ताल का समर्थन करते हैं।

एनटीए के निदेशक विनीत जोशी ने दी जानकारी

नीट को भी साल में दो बार कराने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- फिलहाल नीट 2020 की परीक्षा के पैटर्न या शेड्यूल में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा
- नीट को साल में दो बार कराने का प्रस्ताव अभी विचाराधीन है, मंत्रालय द्वारा जल्द ही इसपर लिया जाएगा फैसला

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) भी ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन मेन (जेईई मैन) की तरह साल में दो बार आयोजित किए जाने की तैयारी चल रही है। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के निदेशक विनीत जोशी ने इस संबंध में जानकारी दी है।

विनीत जोशी ने बताया है कि 'हमें देशभर से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने संदेश भेजा है। वे चाहते हैं कि जेईई मेन की तरह नीट भी साल में दो बार आयोजित की जाए। हालांकि यह योजना अभी शुरुआती चरण में है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से इस संबंध में मंजूरी मिलने के बाद ही हम इस पर आगे का काम शुरू करेंगे।' उन्होंने बताया है कि फिलहाल नीट 2020 की परीक्षा के पैटर्न या शेड्यूल में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। अगर नीट को साल में दो बार कराने की योजना को नजदीकी भविष्य में मंजूरी मिल भी जाती है, तो भी 2020 में होने वाली एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा नीट पर इसका प्रभाव नहीं होगा। यह 2021 से ही लागू किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा है कि नीट को साल में दो बार कराने का प्रस्ताव अभी विचाराधीन है। मंत्रालय द्वारा जल्द ही इसपर कोई फैसला लिया जाएगा। बता दें कि जेईई मेन दो बार कराने के फैसले के बाद से ही लगातार देशभर में नीट को भी दो बार आयोजित किए जाने की मांग उठ रही है। छात्रों व शिक्षकों दोनों की ये मांग है। उनका कहना है कि इससे मेडिकल में प्रवेश लेने की चाह रखने वाले छात्रों पर दबाव काफी कम हो सकेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109